फोर्स में वी.आई.पी. की सुरक्षा कितने लोग करते हैं, खुफिया एजेंसियां जो वहां हैं, वे क्या काम करती हैं, किस-किस के पीछे लगे रहते हैं? किसके लिए? हमारे बचाव के लिए? वी. आई.पी. को बचाने के लिए या जनता को बचाने के लिए? अगर उनकी कमी है, तो हमने उनकी भरती क्यों नहीं की? हमने उनकी संख्या बढ़ाई क्यों नहीं? तो हर जगह की जो प्रॉब्लम है, मेरा ख्याल है कि पुलिस फोर्स को उसी ढंग से बढ़ाना चाहिए और चाहे मिलिटरी फोर्स हो, पैरा-मिलिटरी फोर्स हो, इनको एक ट्रेनिंग देनी चाहिए कि ऐसे हादसों में वे क्या काम करेंगे? या हादसे घटने से पहले, जो भी हो। जैसे इस मामले में खबर आई कि इस बारे में भी खुफिया एजेंसी को कुछ जानकारी थी। तो जानकारी अगर थी, यह खबर बाद में हो या पहले, खबर जब आती है, तो हमारे गृह मंत्रालय, दोनों, केंद्र के हों राज्य के, दोनों में कहीं कम्युनिकेशन या सहयोग का अभाव है, क्योंकि देश बहुत बड़ा है और इतनी घनी जगह जो है, मुम्बई जैसी घनी जगह है, जहां पर खास तौर से ट्रेनें इतनी भरी हुई होती हैं कि उनमें किसी का मूव करना मुश्किल होता है। अगर कहीं पर कुछ पड़ा भी हो, तो उसको निकालना भी मुश्किल होता है। इसीलिए अगर हमारे ये फोर्स तत्पर नहीं होंगे, गृह मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ जो हैं, राजनीतिकरण कम हो और राजनीतिकरण के लिए ये चुपचाप बैठ जाते हैं, निष्क्रिय हो जाते हैं या काम नहीं करते हैं और अगर काम न करें, तो ऐसी एजेंसी का कोई मतलब नहीं है। सीधी बात यहां है, और पुलिस फोर्स को उसी ढंग से लगाया जाए, किसी की सुरक्षा के लिए नहीं, पहले देश की सुरक्षा करें, देश की रक्षा करें। व्यक्ति को रक्षा की आवश्यकता है या देश की जनता की रक्षा की आवश्यकता है? अगर देश की जनता की है, तो मैं मानता हूं, भले ही मंत्री महोदय हों या वी.आई.पी. हों, इन सबको पहले कहना चाहिए कि हमें नहीं चाहिए, आप जनता के लिए पहले काम करो। एक को बचाने के लिए इतनी बड़ी फोर्स लग जाएगी, यह हम सोचते हैं। यहां हम देश की जनता को बचा नहीं पाते हैं, अपने को बचाने की कोशिश करते हैं, यह हमारे लिए शर्मदायक घटना है, यह घटना नहीं घटनी चाहिए। साथ-साथ मैं यह दरख्वास्त करूंगा कि पुलिस फोर्स हो, खुफिया एजेंसी हो, पैरा-मिलिटरी फोर्स हों, इनकी तनख्वाह को भी देखा जाए, इनकी डयूटी भी देखी जाए और इनको सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, ट्रेन-अप किया जाए कि कैसे वे काम कर सकते हैं?

मैं रेलवे मंत्रालय को भी कहता हूं कि रेलवे के हों या कोई ट्रांसपोर्ट कंपनी हो, उनको भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए, बहुत ट्रेनिंग होनी चाहिए। वह नज़र उनके अंदर होनी चाहिए कि कहीं पर ऐसी घटना न घट जाए कि हमारे जो यात्री जा रहे हैं, उनको कोई परेशानी हो या उनका देहांत हो जाए। बाद में हम बहुत पैसा खर्च करते हैं। संसद में जिस दिन घटना घटी थी, घटने के बाद पार्लियामेंट के अंदर कई करोड़ रुपए खर्च करके मशीनें लगाईं। चैकिंग किसकी होती है? एम. पी. की होती है और यहां पर जो आते हैं, उनकी होती है। हमने बहुत अच्छे ढंग से इसको सजा

लिया, गाड़ी आने पर यह डंडा उठ जाएगा, गाड़ी रुक जाएगी, यहं रुक जाएंगे और उसके साथ-साथ वह सिस्टम भी फेल करता है, वह तो छोड़िए, लेकिन आसपास में नॉर्थ ब्लाक है, साउथ ब्लॉक है, जहां प्राइम मिनिस्टर बैठते हैं, उसके सामने राष्ट्रपति भवन है। अब वहां जब घटना घटेगी, तब कई करोड़ रुपए खर्च करेंगे। तो ऐसा करके हम कोई फोर्ट या किला तो नहीं बना सकते हैं, लेकिन जनता को ठीक ढंग से पालने के लिए, उसकी रक्षा के लिए जो-जो कदम हमें उठाने चाहिए, वह उठवाइए और राजनीतिकरण कम कीजिए। साथ ही साथ मैं ... दरख्वास्त करूंगा कि जितने मंत्री हों, वी.आई.पी. हों, वे अपनी फोर्स को छोड़ दें और जनता की रक्षा करें, धन्यवाद।

श्री दिनेश त्रिवेदी: उपसभापति महोदय, मैंने अभी बहुत से सदस्यों की चर्चाएं सुनीं। कोई हिन्दू के बारे में बोल रहा था तो कोई कहता था कि हम मुसलमान हैं। मैं यहां पर बैठे-बैठे सब सुन रहा था और मुझे दुख भी हो रहा था, साथ ही मैं यह चिंता भी कर रहा था कि एक अच्छा मुसलमान बनने से पहले या एक अच्छा हिन्दू बनने से पहले हमें एक अच्छा इंसान बनना चाहिए। इसीलिए तो किसी शायर ने कहा है कि 'तू हिन्दू बनेगा, ना मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है, इंसान बनेगा।' मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि यहां जो आतंकवाद का मुद्दा उठा है, आज हमें इस पर बहुत डिटेल में चर्चा करनी थी, मगर समय का अभाव है। महोदय, मैं आपकी परेशानी को समझता हूं, इसलिए आपकी बात को सिर आंखों पर रखते हुए, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। वैसे तो मुझे इस विषय पर कम से कम एक घंटा बोलना था। महोदय, हम इंसानियत की बात कर रहे हैं। हमारे भाइयों ने भी सही कहा है कि ये हमले न हिन्दू करता है और न मुसलमान करता है, यह हमला तो इंसानियत पर हुआ है। इस हमले को कौन करता है, इसको करती हैं राक्षसी शक्तियां। कुमारी निर्मला देशपांडे ने जिक्र किया है, इसलिए मुझे भी याद आया है। उन्होंने रामायण का जिक्र किया कि हनुमान जी ने एक सूक्ष्म रूप लिया और उस राक्षसी शक्ति के नाक के अंदर से गए और दूसरी तरफ से निकल गए। जाहिर है कि हनुमान जी उनसे वार्तालाप तो करने नहीं गए थे। वे तो उनका वध करने गए थे, तो यह वध जरूरी है। यदि राक्षसी शक्ति इंसानियत पर हावी हो जाती है, तब उस राक्षसी शक्ति का अंत करना चाहिए और मुकाबले के साथ अंत करना चाहिए। उनके साथ डॉयलॉग का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता है। सर, उन्होंने रामायण की चर्चा की है। इसके साथ ही मुझे महाभारत भी याद आ गया कि महाभारत में लड़ाई, भाई-भाई के बीच हुई थी और वह लड़ाई इंसानियत को बचाने के लिए हुई थी। अब, जब पाकिस्तान का जिक्र आया है, तो किसी ज़माने में वह हमारे साथ था और वहां के लोग हमारे भाई थे। यदि इंसानियत को बचाना है और दूसरे मुल्क से हमारे यहां टेरर आता है, तो उसको खत्म करना यकीनन हमारा धर्म है। सर, यह कोई अखबारों की बात नहीं है कि चंद अखबारों ने लिख दिया कि यह जो आतंकवाद है, यह पड़ौसी मुल्क से आ रहा है। सर, हमारे प्रधानमंत्री जी ने यह कहा है। हिन्दुस्तान

जो इस दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है, जब हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो उनके एक-एक लफ्ज मे वजन होता है और वे कोई बात ऐसे ही नहीं बोलते हैं। जब पूर्व में श्री अटल बिहारी जी प्रधानमंत्री थे, तब हमने बहुत कोशिश की थी कि शांति से समस्या हल हो। अभी जैसा कि निर्मला जी ने भी कहा है कि 'गोली से नहीं बोली से' बात हो। हिन्दुस्तान में आज तक तारीख गवाह है कि कभी किसी पर अटैक नहीं किया,बोली तो हमारी संस्कृति है। मगर जब वे बोली को लाचारी समझते हैं और जब राक्षसी शक्तियां इंसानियत पर हावी होती हैं, तब मैं दोबार कहना चाहूंगा कि रामचन्द्र जी जो कि मर्यादा पुरूषोत्तम या मर्यादा पुरूष कहलाते हैं, उन्होंने भी रावण का वध करने के लिए धनुष बाण हाथ में उठाया था और रावण का वध किया था, इसलिए मामला बहुत साफ है। उपसभापति महोदय, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हम जिस दौर से गुज़र रहे हैं, वह एक बहुत ही नाजुक दौर है। So, I am not standing here to blame one or the other because that does not serve the purpose. हम सब एक ही नाव में सफर कर रहे हैं और उस नाव में छेद होगा, तो हम सबका अंत होगा, किसी का पहले, किसी का बाद में। हमें यह देखना है कि कोई हमारी तरफ बुरी नज़र से बिल्कुल न देखे। आज National Security Advisor की बात का जिक्र हुआ, हमने भी वह इंटरव्यू सुना और उसमें उन्होंने बड़ी गंभीर और चिंताजनक बात कही है। मैं उस बात को बहुत ही गंभीरता से लेना चाहूंगा और मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि सरकार भी उसको सीरियसली लेगी। उन्होंने क्या कहा? उन्होंने कहा कि this is a design for something more serious. उन्होंने यह भी कहा, जिसका मतलब होता है कि this is the tip of the iceberg.– मतलब यह कि उनके इरादे इतने नापाक हैं कि जहां पर हिंदुस्तान के atomic installations, scientific areas, economical base हैं, यहां तक कि हमारे जो Icon कहलाते हैं, उनको भी नहीं छोड़ेंगे। इस तरह यह मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर हो जाता है। इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार, जैसा मैंने कहा कि चाहे वह किसी भी पार्टी की सरकार हो, जब हम इस पार्लियामेंट में खड़े होकर बोलते हैं, तो सबको एक ही विश्वास होता है कि सरकार चाहे किसी की भी हो, पूरा मुल्क एक है, उसमें मज़हब का कोई सवाल कभी आता ही नहीं है। सरकार, सरकार होती है और मुझे बिल्कुल भी शक नहीं है कि यह सरकार आतंकवाद का मुकाबला करने में पूरी तरह सक्षम है और यह आतंकवाद का मुकाबला करेगी, मगर दुःख की बात यह है कि unfortunately, Sir, when we talk about this Parliament; or the Lok Sabha, we need to be a little more tolerant, and, especially, this House, Sir. But, what has become is, as if all these blasts have become so routine that a blast takes place at one place or the other, the hon. Home Minister of whichever Government comes, gives the reply. We discuss here, the matter ends till unfortunately, God forbid, there is a next blast. I personally feel that the matter needs to be addressed in a

more serious manner. and, that is why, sir, I just want to touch upon—I am not trying to join issues here—that when we left behind the discussion on the Mumbai bomb blast and we started taking some other issue, can you imagine a 70-year old lady sitting in Mumbai, who lost her children, wanting to see what the Parliament is going to debate? Instead of that, for whatever be the reason, we started discussion on some other issue. I am not getting into why it was there, at this point of time. Yes, I had asked this question that day as to what was the compulsion. Can you imagine how we have alienated people from the mainstream, and without the support of the people, we cannot fight terror—I definitely agree with what Nirmalaji said—only through the governmental machinery. Sir, this is where I thought that this issue needs to be discussed in a much more serious manner than, perhaps, it is being discussed. Sir, do we realise.... Sir, I will just take two or two-and-a-half minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You observed my finger going near the bell!

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, before it goes near the bell, I am conscious about it. Sir, do we realise that a mafia network is running a parallel Government? I am not talking about just a mafia network. A parallel Government is run by the mafia network! Sir, since I have mentioned this, I would like to read one line from what the Vohra Committee report says,I am not saying this— because terror, whether it is across the border or from wherever it is, terror cannot take place until and unless there are local mafias. It does not matter which community they belong to, they are terrorists. And, if they are supporting the terrorists, then the mafia system, the mafia network is equally involved.

With your permission, I just would like to read 3-4 lines from the Vohra Committee report. It says, "The DIB has stated that the network of mafia is virtually running a parallel Government, pushing the State apparatus to irrelevance. It is thus the most immediate necessity that an institution be established to effectively deal with this menace. No machinery, to my knowledge, till this day, has been established." Sir, again I would like to read the last two lines. Talking about again the bomb blasts, the Bombay blasts case in 1993—at that time it was Bombay, so it is Bombay here, Joshiji will pardon me, it says and I

quote, "The bomb blasts case and the communal riots in Surat and Ahmedabad have demonstrated how the Indian underworld is exploited by ISI and the latter's network in UAE to sabotage the entire Indian machinery." The reason why I am talking about this is, after the Vohra Committee report came in—I salute my late friend Shri Rajesh Pilot, who had the courage to lay that on the Table of the House and that is why we could discuss it. Sir, I went to the Supreme Court. I wanted to know who those mafias are, because it also says that these mafias come and occupy* (*Interruptions*) That is why I went to the Supreme Court because I wanted to know...(*Interruptions*) I am reading from the Vohra Committee report.

SHRI PENUMALLI MADHU:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Though it is in the report, it should be removed from the proceedings. (*Interruptions*) That is removed.

SHRI DINESH TRIVEDI: Since he has challenged me, I am reading from the Vohra Committee report. "In certain States like", I do not want to read the name of the States, "these gangs enjoy the patronage of local level politicians, cutting across party-lines and protection of the Government functionary. Some political leader becomes the leader of these gangs, armed Senas and over the years, get themselves elected to local bodies, State Assemblies, and national Parliament."

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is a general comment.

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, i am just reading from the Vohra Committee report. Sir, I am a responsible Member of Parliament and I know. What I am trying to say is, I went to the Supreme Court. The Supreme Court in their judgement mentioned that there has to be a high-level Committee to monitor not only the Vohra Committee recommendations, to make sure that these kinds of incidents do not take place ever in India.

Sir, I wrote letters to the various Governments including the NDA Government. I have no hesitation in saying that. The last letter I wrote was in 2004 to the hon. Home Minister, Shri Shivrajji, mentioning that this is the Supreme Court order, have you implemented it or not. To the best of my knowledge, till date, this order of the hon. Supreme Court

* Not recorded.

has not been implemented. I would plead to the hon. Minister, during his reply give us some assurance. Otherwise, what will happen? Blast here, blast there, we are taken as a soft State and again we will be unfortunately discussing this. Sir, in conclusion, I will tell you, my hon. colleague mentioned किसी की जान की हिफाज़त है ही नहीं। कौन, कैसे और कहां आतंकवाद का शिकार होगा, कौन कब मर जाएगा, पता नहीं। किसी की भी सुरक्षा नहीं है।

सर, जो लोग मारे गए वे रेल यात्री थे, वे रेल में सफर कर रहे थे। इस सफर से मुझे एक शेर याद आता है मैं वह कहकर conclude करूंगा। कहते है-

"कब टूट जाएगी, कसम ही तो है,
कब बदल जाएगी, नज़र ही तो है,
तू मेरे साथ की आदत मत डाल, ऐ दोस्त,
कब बिछुड़ जाएंगे, सफर ही तो है।"

SHRIMATI HEMA MALINI (Nominated): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity. Being a Mumbaikar myself, I am very emotionally involved because it is my city, which is affected. So, I would like to let you all know what I feel about this tragedy.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI) in the Chair]

We never seem to learn from past experiences. This is a sad fact that has emerged after the recent bomb blasts on the Mumbai locals that went off with so much precison. These serial blasts have caused immense harm to human life and property. While much tall talk is going on about the great resilience of the Mumbaikars and all the TV channels vied with each other to be first one on the scene of the disaster, is anyone bothering to condemn our security systems that have let us down yet again so miserably? Is anyone sparing a thought to the hundreds that have lost their only breadwinners or to those many young lives who were just on the threshold of their career?

Why is it that Mumbai, a city that literally is the business and economic hub of our country, repeatedly attacked, a city that is so culturally rich, so full of achievers like Ratan Tata and Aditya Birla, famous film personalities, eminent sports personalities, successful business houses, such a cosmopolitan loving city that throws open its boundaries to

everyone? Why is it that when it comes to situations like this, nothing is done to prevent such tragedies from happening? A city that prides itself on hard work, Mumbaikars are forced to pick up the threads and resume their lives. Do people understand how much effort is required to go on with life in the aftermath of such tragedy? It is true that many concerned people have come forward with contributions and donations. I am myself going to perform in a fundraiser to help the victims. But will all this bring back the lost lives? Will it alleviate the terrible loss suffered by the surviving family members? Is it going to lessen the trauma that will haunt them all their lives?

It is not that India is a lone country to be thus targeted by these subhuman terrorists who have no regard for human life. Look at the United States. After 9/11, they have consciously spruced up their security and taking good care that unwanted elements with harmful intentions do not enter their country. Should we not have taken a cue from them? The newspapers, both yesterday and today, are full of the number of tourists of different nationalities who have simply melted into our country and cannot be traced. Pakistani and Bangladeshi nationals top the list. What is our security system doing about this? Some of these may have been responsible for the blasts in Mumbai. Is it not the Government's duty to ferret out these possible anti-social elements and throw them out of our country? There are reports that the Maharashtra State Police force was alerted about the possible terror attacks. In spite of this warning the terror attackers have not been arrested as was done in the case of the RSS office at Nagpur. There is total lack of intelligence sharing. Even now, going by the revelation of some of the arrested terrorists, one likely target is some of the vital installations like the BARC. The Maharashtra Government was spending sleepless nights to prevent a disaster waiting to happen. In all developed counties, they have CCTV and other advanced technologies in trains and railway stations. The State Government could have taken preventive measures. At least now the Railway Ministry should immediately install CCTV in all stations and post security personnel in trains equipped in the communication system. There are reports that the DG, Maharashtra Police and the RPF are blaming each other trying to fix the responsibility for taking preventive action. This will not satisfy the people of Mumbai. The only solution is to bring back POTA or enact another legislation in its place to deal with terrorism

more firmly. The office of claim set up by the Railway authorities is in Churchgate. It is a great inconvenience for people to commute. Similar offices should be set up in Bandra and Borivali Station to help the families of those killed and wounded. Should not a country like ours which shares boundaries with so many nations on allsides see to it that we are not thought of as vulnerable and easy targets? Our existing security systems have allowed the Mumbai blasts to happen. Let there not be any more laxity. Terrorists are people with no hearts. They do not care for innocent human lives. Let us teach them a lesson they will not forget in a hurry. Let us all join together, burying all our differences and rise as one nation to deal with situations like this. Let there be no more lives lost in meaningless bombs blasts where the perpetrators are allowed to get away with their misdeeds. Let us reach out to all those victimised. Let us pay a tribute to those who have died and we can do this by seeing to it that we prevent such tragedies from happening in the future.

श्री विजय जे॰ दर्डा (महाराष्ट्र): महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, सर्वप्रथम मैं इस देश में आतंकवाद के शिकार हुई सभी भाइयों, बहनों और बच्चों को अपनी ओर से श्रद्धांजलि देता हूं। उनके परिवार के दुख में हम सब उनके साथ हैं। मैं यह भावना व्यक्त करते हुए मुंबई की तमाम जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिसने बहादुरी से इन हादसों का सामना किया और इस देश में बहादुरी की एक मिसाल कायम की। उनके धैर्य और उनकी सूझ-बूझ ने आतंकवादियों के इरादे नाकाम कर दिए। मैं मुम्बई को सलाम करता हूं और कहता हूं-सलाम मुम्बई।

महोदय, किसी भी देश को कमजोर करना हो, तो सबसे पहले उसकी संस्कृति और उसकी आर्थिक रीढ़ को कमजोर करों। इसके बाद उसे भयभीत करो, उसे डरा दो और जाति, धर्म का सहारा लेकर कम्युनल दंगे-फसाद करा के उस देश को आतंकित करो। मुम्बई की जनता ने इससे बचने के लिए अपनी सूझ-बूझ का परिचय दिया। मैं चाहूंगा कि इस देश की जितनी भी पोलिटिकल पार्टीज हैं, नेशनलपार्टीज और रीजनल पार्टीज, उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे देश का अगर कोई महत्वपूर्ण थ्रेड है, तो वह हमारा सेक्युलरिज्म है। हम इस सेक्युलरिज्म के बदौलत ही पूरे विश्व में जाने जाते हैं, हमारी सराहना होती है और हमारा सम्मान होता है। मुझे इस बात का दुख है कि जिस व्यक्ति का मैं बहुत आदर-सम्मान करता हूं, जो मेरे पिताजी के मित्र रहे हैं, जिनको हम लोग सर के नाम से बुलाते हैं, जिनका नाम श्री मनोहर जोशी जी है, जो महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री रहे हैं और जिन्होंने एक शिक्षक होने के नाते कई बच्चों को पढ़ाया है,

जिनमें हिन्दू भी रहे होंगे, मुस्लिम भी रहे होंगे, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तीन मिनी पाकिस्तान हैं। यह सुनकर सिर्फ मुझे ही दुख नहीं हुआ, तमाम जो युवा-पीढ़ी के लिये हैं, उन्हें भी इनके विचार सुनकर बेहद दुःख हुआ होगा, वे भी क्या सोच रहे होंगे? मैं ऐसी उम्मीद जोशी सर से कभी नहीं कर सकता। हां, कुछ लोगों ने ज्यादती जरूर की होंगी, मगर इसलिए सबको इस प्रकार से संबोधित करना गलत है। मेरे ख्याल से उनकी शिक्षा में कहीं कमी रही होगी, ऐसा मुझे महसूस होता है।

महोदय, मुंबई में जो हादसा हुआ, मैं यहां पर विराजमान हमारे होम मिनिस्टर शिवराज पाटिल साहब का धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को पहले आगाह कर दिया था, उनके पास जो जानकारी थी वह जानकारी उन्होंने दी थी, लेकिन महाराष्ट्र का जो इंटेलीजेन्स विभाग है वह इस काम में फेल हो गया। मुंबई पुलिस का देश में और विदेश में इतना रुतबा रहा है कि लोग इसकी तुलना स्कॉटलैंड पुलिस के साथ करते रहे हैं, मगर हाल के दिनों में मुंबई पुलिस की जो हालत हो रही है, उसे देखकर यह सोचना पड़ता है कि वह पहले वाली मुंबई की पुलिस कहा खो गई है? मैं उनको सारा दोष नहीं दूंगा, क्योंकि उन्होंने बहुत अच्छे काम भी किए हैं, बीच में उन्होंने आरडीएक्स पकड़ा, आर्म्स-एम्युनिशन पकड़ा, जिसकी वजह से हजारों-हजारों लोगों की जानें भी बची हैं। इसके बावजूद भी मैं यह चाहूंगा कि इस मसले पर विचार करने की आवश्यकता हो गई है कि ऐसा क्यों हो रहा है? हमारी जो इंटेलीजेन्स है, वह क्यों कमजोर हुई है?

महोदय, जो आतंकवाद फैल रहा है, जैसा अभी निर्मला जी ने जिक्र किया कि हम लोग अपने पड़ौसियों को क्यों दोष देते हैं? हम लोग किसी एक व्यक्ति को दोष नहीं दे रहे हैं, न वहां पर रहने वाली आम जनता को और न यहां की आम जनता को, उनके बारे में तो हम बात नहीं कर रहे हैं, परंतु हमारे प्रधानमंत्री जी ने स्वयं बुश साहब से बात की थी और उन्हें बताया था कि यह आतंकवाद हमारे पड़ोस से हो रहा है। आपने हाल ही में देखा होगा कि अमरीका के अंदर कैलिफोर्निया में जब कुछ लोग पकड़े गए और उनसे पूछताछ की गई, तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हमारे अड्डे हैं, हम लोग वहां से आतंकवाद का प्रशिक्षण ले रहे हैं और वहां से ही हम आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि आतंकवाद कोई व्यक्ति, कोई कॉमन मेन वहां का करवा रहा है या यह हमारे यहां रहने वाला करवा रहा है। हम लोग चारों ओर से घिरे हुए हैं। इसलिए हमारी जो गुप्तचर संस्था है, उनको किस प्रकार से हम अधिक प्रभावी कर सकते हैं, कैसे हम मजबूत कर सकते हैं, इसकी ओर भी आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है।

महोदय, जब हम लोग मुंबई पुलिस की बात कर रहे हैं, तो यह देखें कि मुंबई पुलिस के पास कितना बजट है, उसको किस प्रकार हमने मोडर्नाइज किया है? मुंबई, यह एक अलग प्रकार की जगह है, यह एक अलग तरह की सिटी, दूसरे राज्यों के शहरों से या मेट्रो से इसकी तुलना नहीं की जा सकती। वहां पर समुद्र का किनारा है, मुंबई शहर समुद्र से घिरा हुआ है,

जिस समुद्री मार्ग से आतंकवादी वहां आ सकते हैं, वहां लोग हवाई-जहाज से आ सकते हैं, इसलिए मुंबई पुलिस को विशेष बजट देने की आवश्यकता है। वहां पर आज पुलिस के पास क्या है? वहां पर उनको निगरानी रखने के लिए हेलीकॉप्टर की आवश्यकता है, वह उनके पास नहीं है, उनके पास स्पीडी कार होनी चाहिए, वह उनके पास नहीं है, उनके पास स्पीडी मोटर-बोट होनी चाहिए, वह उनके पास नहीं है, उनके पास स्पीडी मोटर-साईकल होना चाहिए, वह उनके पास नहीं है, आधुनिक हथियार उनके पास नहीं हैं। जब किसी अपराधी का पुलिस को पीछा करना हो, तो वह किस प्रकार करे? उनकी गाड़ियां ही नहीं चल पाती है, पुरानी होने से बीच में ही वह फेल हो जाती है। अगर वहां आतंकवाद का मजबूती से आपको मुकाबला करना है, तो मुंबई पुलिस को अधिक बजट देना होगा, अधिक अच्छे हथियार देने होंगे सक्षम बनाना होगा। मुंबई आज 58 हजार करोड़ रुपए पूरे देश को, सैंटर को देता है। इस बात पर हम लोगों को विचार करना चाहिए कि मुंबई को किस तरह से इंटरनेशनल सिटी के रूप में डेवलप किया जाए। मुंबई की जिस प्रकार से आबादी बढ़ रही है, हजारों लोग वहां रोज आते-जाते हैं, इसलिए मुंबई के लिए आइडेंटिटी कार्ड होना चाहिए। जब तक हम लोग मुंबई के लिए आइडेंटिटी कार्ड नहीं देंगे, तब तक हम लोग इस बात का पता नहीं लगा पाएंगे। 1993 में जो बम-ब्लॉस्ट हुआ था, उसके नतीजे अभी तक सामने नहीं आए हैं, उसके कल्पिरिट्स को अभी तक सजा नहीं हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि फास्ट कोर्ट्स होने चाहिए ताकि अपराधियों को सजा मिल सके।

रेल में जो विस्फोट हुआ, उसके बाद 24 घंटे के अंदर कर्मचारियों ने उस व्यवस्था को फिर से पटरी पर ला दिया, उसके लिए मैं रेल अधिकारियों को, रेल कर्मचारियों को और रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा, उनका अभिनन्दन करना चाहूंगा। आपको ध्यान होगा कि जब लंदन में बम-ब्लॉस्ट हुए थे, तो एक हफ्ते तक वहां का मैट्रो सिस्टम चल नहीं रहा था, लोग आतंकित थे, मगर उसके विपरीत मुंबई की जनता दूसरे दिन काम पर आ गई और उन्होंने दुनिया को एक मिसाल दी और बताया कि हम लोग निडर हैं और देश के अंदर एक नया वातावरण पैदा कर आतंकवाद के खिलाफ नया संदेश दिया है।

मैं एक बात और भी आपके सामने लाना चाहूंगा कि जब-जब भी मुंबई का प्रश्न आता है, तब-तब उसको सिर्फ आर्थिक केपिटल कहकर अलग कर दिया जाता है। मगर कभी किसी ने यह विचार किया है कि मुंबई किन-किन चीजों से जुड़ा हुआ है। किसी ने इस पर विचार नहीं किया है। इसलिए मैं यह चाहूंगा कि होम मिनिस्टर साहब इस बात पर विशेष ध्यान दें, मुंबई पुलिस के लिए विशेष बजट दें। महाराष्ट्र सरकार ने बजट मांगा है या नहीं, इसे न देखते हुए हम लोगों को स्वयं इस पर विचार करना चाहिए, क्योंकि उसका असर पूरे देश पर पड़ता है।

मुझे मेरे मुंबई के एक मित्र ने जो बात लिखकर भेजी, वह सुनाकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा, अधिक समय नहीं लूंगा। यह शेर हमारे एक दोस्त ने भेजा है:-

जब कभी चूम लेते हम, उन डबडबाई आंखों को
सौ चराग अंधेरे में झिलमिलाने लगते हैं,
लम्हे भर को यह दुनिया ग़म छोड़ देती है
लम्हे भर को सब पत्थर मुस्कुराने लगते हैं।

महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया।

श्री बशिष्ठ नारायण सिंह (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, एक अत्यंत गंभीर, संवेदनशील और साथ-साथ चिंताजनक विषय पर आज सदन में विचार हो रहा है, यद्यपि देश में हो रही हिंसात्मक घटनाएं और मुम्बई का धमाका, यह सब्जेक्ट है। मुम्बई के लोगों ने धमाका सुना, उसकी देश में प्रतिक्रिया हुई और इस सदन में उस बारे में गंभीरता से विचार हो रहा है। लेकिन, महोदय, धमाके की घटनाएं तो कई हुईं और एक दूसरी तरह के धमाके की घटना तो इस सदन ने और संसद परिसर ने भी सुनी थी। संसद परिसर में एक धमाका हुआ था, उस धमाके के बाद हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया विभाग प्रश्नों के घेरे में आ गया था। मुम्बई में जब धमाका हुआ, तो मुम्बई पुलिस भी बेनकाब हुई है और मुम्बई प्रशासन का खोखलापन भी सामने आया है। जब संसद परिसर में धमाका हुआ था, महोदय, तो उसका कुछ संदेश, उसके कुछ मैसेज थे-सावधान रहो, सतर्क रहो, सजग रहो। जनता के लिए भी था और सरकार के लिए भी था। मुम्बई के इस धमाके के बाद दोनों परीक्षा की कसौटी पर कसे गए हैं, सरकार भी और जनता भी। मुम्बई की इस घटना में एक बात साफ हो गई है कि वहां के लोगों ने जिस तरह से धमाके का मुकाबला किया है, उससे जीवन का जो दर्शन है, उसका अर्थ देश को समझा देने का उन्होंने मौका दिया है। जीवन और मृत्यु एक सच्चाई है और दुनिया को प्रकाश देने वाले सूर्य भी अस्त होता है। मुंबई के लोगों ने तत्काल अपना कार्य प्रारम्भ करके यह साबित कर दिया कि कभी भी, किसी भी तरह की दुर्घटना हो सकती है और उस दुर्घटना का मुकाबला करने के लिए हम लोग तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर, वहां की सरकार, वहां की पुलिस व वहां का शासन सूत्र बेनकाब हुए हैं और आज इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि अब आगे कैसे बढ़ना है।

उपसभाध्यक्ष जी, यह धमाके अब केवल किसी सीमा तक या कुछ शहरों तक ही सीमित नहीं हैं। यदि हम हिंसात्मक गतिविधियों पर विचार करते हैं, तो हमें विचार करना पड़ेगा कि देश में उग्रवादी संगठन किस-किस तरह के हैं, देश में अलगाववादी शक्तियां किस तरह से काम कर रही हैं? देश में नक्सलवादी संगठन विशेष रूप से किन क्षेत्रों में सक्रिय हैं? इन हिंसक शक्तियों

का विस्तार किस रूप में हुआ है? ये कहा-कहां फैले हैं? इनके विस्तार के तरीकों में क्या-क्या बदलाव आया है? जब इन सभी विषयों पर विचार होगा और इन सभी समस्याओं से निपटने के प्रयास किए जाएंगे, तभी हमारी सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रह सकती हैं। आज राष्ट्र के सामने यह सवाल बन कर खड़ा है।

महोदय, एक बात सोचने की है कि संसद परिसर के ऊपर प्रहार, प्रतिनिधि सभा के ऊपर प्रहार था और मुंबई की दुर्घटना देश की सबसे बड़ी व्यावसायिक नगरी पर प्रहार था। प्रतिनिधि सभा के माध्यम से आतंकित कर देने की एक योजना और पूरी आर्थिक व्यवस्था को चरमरा देने की दूसरी योजना, यह उसकी शुरूआत की ओर एक संकेत है। इसी तरह के अन्य और भी कई संकेत हैं, जिससे सरकार को सबक लेने की जरूरत है कि आगे तरह-तरह की योजनाएं इस देश को डिसरप्ट करने के लिए, इस देश की व्यवस्था को चरमरा देने के लिए बनाई जा सकती हैं और सरकार को उस पर विचार करना है।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं भारत के गृह मंत्री जी से जानकारी चाहूंगा, जानकारी शब्द मैं इसलिए प्रयोग कर रहा हूं क्योंकि यहां जानकारी शब्द इस माने में उपयुक्त है कि यदि सरकार के पास इसकी पर्याप्त तैयारी है, तो वह उसकी जानकारी दे और यदि सरकार के पास समुचित तैयारी नहीं है, तो इसे मेरा सुझाव माना जाए, इसीलिए मैं जानकारी शब्द का प्रयोग कर रहा हूं। इन उग्रवादी संगठनों एवं अलगाववादी संगठनों को जहां से आर्थिक मदद प्राप्त हो रही है, क्या सरकार के पास उन स्रोतों की जानकारी है? क्या उन स्रोतों को डिमॉलिश करने के लिए या उसे खत्म करने के लिए सरकार ने सफलता पाई है? क्या सरकार ने उनके स्थानों और उनके संपर्क सूत्रों का पूर्णत: अथवा किसी हद तक पता लगाने का काम किया? राज्यों के द्वारा उग्रवादी संगठनों और इसी तरह के अन्य संगठनों, जो इस तरह की हिंसक गतिविधियों में संलिप्त है, क्या उनकी सूची बना ली गई है? लेकिन मैं कुछ ऑपरेशन के सवाल पर भी बात करना चाहता हूं। क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है कि राज्यों और केन्द्र की सरकार ऐसे मौके पड़ने पर संयुक्त रूप से ऑपरेशन करेगी? क्या राज्यों के बीच में सभी राज्य संयुक्त आपरेशन करेंगे? क्या शस्त्रों के साथ सुसज्जित करने के लिए जैसे सेना और पुलिस को, एसपीजी से मैं इसकी तुलना नहीं करूंगा, क्योंकि खास सुरक्षा का उनको इंतजाम दिया गया है, क्या राज्यों की पुलिस को भी इस ढंग से सुसज्जित करने की सरकार ने कोई योजना बनाई है? क्या जवानों को एक विशेष तरह की ट्रेनिंग देने की सरकार ने कोई योजना बनाई है? ये सारे सवाल हैं, महोदय, जिन पर सरकार को जवाब देना चाहिए। महोदय, सरकार को यह भी जवाब देना चाहिए कि यह लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक देश में बातचीत का रास्ता सदा खुला रहता है। केवल फौज, केवल पुलिस ही आतंकवाद का मुकाबला नहीं कर सकती बातचीत का रास्ता हो, क्योंकि इसके बहुत से उदाहरण इस देश में मौजूद हैं, और उन उदाहरणों के डिटेल्स में मैं

जाना नहीं चाहता। लेकिन कई उदाहरण इस देश में ऐसे मौजूद हैं कि जिनके रास्ते हिंसक हैं, विचार के स्तर पर मुकाबला करके उनको बदला गया है, बदले हैं और राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हुए हैं। जयप्रकाश नारायण के सामने डाकुओं का समर्पण हुआ। जयप्रकाश नारायण जी नक्सलवादियों के गढ़ के बीच में काम करके, और आज बौद्ध गया में खुलेआम जहां हिंसक घटनाएं भी कभी-कभी आती हैं, वहां भी संघर्ष वाहिनी के साथी काम कर रहे हैं। इसलिए मैं यह सवाल उठा रहा हूं। जो उग्रवादी संगठन हैं, जो अलगाववादी संगठन हैं, उनसे निबटने के अलग तौर-तरीके हो सकते हैं, लेकिन जो नक्सलवादी संगठन हैं, जो विचार के स्तर पर मानते हैं कि हिंसा ही समाज को बदलने का एक रास्ता हो सकता है, एक तरीका हो सकता है, एक मैथड हो सकता है, उनसे मुकाबला करने के लिए विचार की शक्ति ही और विकास का रास्ता ही एक हो सकता है। विचार के स्तर पर उनको चुनौती देने का काम महोदय, हो और उनके नक्सलवादी एरिया में और इस ढंग से हिंसात्मक गतिविधियों वाले एरियाज में, जिनका विदेशों से चाहे कहीं बाहर से सम्पर्क न हो, वहां विकास की गति तेज करके उनके रास्ते को अवरुद्ध करना चाहिए, उस इलाके में उनके प्रभाव को कम करना चाहिए। मैं मानता हूं कि आज इन विषयों पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। हमारी संचार व्यवस्था, हमारा खुफिया विभाग, ये जितने तंदरूस्त हो जाएं इससे अच्छी बात सरकार के लिए हो नहीं सकती। मैं एक ही बात, अंत में यही कहना चाहता हूं कि बातचीत के रास्ते को तेजी से बढ़ाने की जरूरत है, जो देश के अंदर संगठन हैं, जो विचार के स्तर पर हिंसक गतिविधियों में लगे हुए हैं, वहां विकास शुरू किया जाए। भारत के गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं और इसी कुर्सी पर सरदार वल्लभभाई पटेल भी बैठे थे। सरदार वल्लभभाई पटेल तो कभी-कभी पैदा होते हैं, लेकिन कौन कब सरदार वल्लभभाई पटेल बन सकता है यह तो इतिहास के गर्भ में है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अभेद्य दुर्ग बना दिया था इस देश को। सादगी के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल ने संघीय राज्यों को मिलाकर के यहां के स्वरूप को एक साकार रूप देने का काम किया था। इस देश की अस्मिता को कभी कोई चुनौती नहीं दे सकता, लेकिन इसके अंदर दरार पैदा करने की कोशिश करता है। महोदय, कई ऐसे उदाहरण हैं, यहां एक नौजवान ने जो अपनी वीरता दिखाई और कई जगहों पर वीरता के जो उदाहरण मिल रहे हैं, वे देश के लिए बड़े ही स्मरणीय उदाहरण हैं। मैं केवल गृह मंत्री जी को एक उदाहरण देकर के अपनी बात समाप्त करूंगा। यहां संसद परिसर में भी एक तैनात जवान ने अपना करिश्मा दिखाने का काम किया था। युद्ध के अवसर पर भी अनेक जवानों ने, अनेक वीरों ने अपनी वीरता दिखाने का काम किया है, जब श्री लाल बहादुर शास्त्री जी इस देश के प्रधान मंत्री थे। एक छोटी सी घटना याद पड़ गई, उसका उल्लेख करके अपनी बात समाप्त करूंगा। वे युद्ध के वक्त में एक घायल जवान को देखने के लिए अस्पताल गए। अस्पताल में जब लाल बहादुर शास्त्री जी पहुंचे, एक घायल नौजवान – हमें जो बताया गया है – उसकी आंखों

पर पट्टी बंधी थी। उसके हाथ सैल्यूट देने के लिए नहीं उठ सकते थे। जब उसे कहा गया कि भारत के प्रधान मंत्री आपके बेड के सामने उपस्थित हैं तो उस सैनिक की आंखों से केवल आंसू गिर गए और उसके मुंह से एक ही शब्द निकला कि मेरे लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य का दिन नहीं हो सकता है। हमारे जवान कैसे हैं, उनकी सुरक्षा की व्यवस्था कर दी जाए, इनको शस्त्रों से सुसज्जित कर दिया जाए और वे कितने कर्त्तव्यपरायण हैं, कर्त्तव्यपरायण के नमूने के रूप में केवल मैं यह कह रहा हूं-कहा, कि मेरे लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य का दिन दूसरा कोई नहीं हो सकता है कि हमारे देश का प्रधान मंत्री आज हमारे बेड के सामने खड़ा है और मैं उठकर उनको सेल्यूट नहीं दे सकता। जवान की आंखों में आंसू थे और लाल बहादुर शास्त्री जी की भी आंखों में आंसू थें। एक अजीब तरह का दृश्य था। जवान ने आंसुओं से भारत के प्रधान मंत्री को सैल्यूट देने का काम किया और भारत के प्रधान मंत्री ने आंसू बहाकर उस सैल्यूट को लेने का काम किया। एक अजब एकनिष्ठा, एक अजब एकाग्रता, कर्त्तव्यपरायणता थी और कर्त्तव्यपरायणता का जवाब भारत के उस प्रधान मंत्री ने अपने आंसुओं से देने का काम किया था। महोदय, मेरा आज देश के गृह मंत्री को यही कहना है, आज देश के प्रधान मंत्री के ऊपर विशेष जवाबदेही है कि जिस ढंग के देश में ऐसी शक्तियां पैदा हो रही हैं, (समय की घंटी) उन शक्तियों का मुकाबला करने के लिए निश्चित रूप से योजनाएं, प्रकाश में न लाकर, लेकिन भीतर में इतनी ताकतवर योजना बनायी जाए कि कश्मीर के ऊपर किसी को देखने का मौका न मिले बल्कि नागालैंड से लेकर पूर्वोत्तर राज्य-चाहे समतल भूमि पर, चाहे तटीय इलाके से, चाहे दूसरे इलाके से लोग जो आ रहे हैं, उनका मुकाबला कर सके। आपने घंटी बजा दी है, संकेत दे दिया है कि मुझे अपनी बात समाप्त करनी चाहिए। महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity

"Can POTA achieve what TADA could not?" This was the title of an article which I penned, and it was published in *The Hindu* dated 1st January, 2002.

Sir, the idea behind the article was, at the time when introduction of POTA was hardly discussed by the Houses of Parliament, I felt that POTA was not required, because its earlier enactment called 'TADA' was a total failure. There were about 16,500 cases booked under TADA, of which less than 400 ended in conviction. So, when TADA, which was brought in to contain terrorism, could not achieve its objects, what was the necessity of bringing another enactment called 'POTA' which is, in

fact, a re-birth or reincarnation of TADA? This was exactly the question put by me.

Sir, in the State of Tamil Nadu, there were several cases tried under the TADA. Hon. Member, Dr. Malaisamy, is also aware of this because he was, for some time, the Home Secretary of the State during the time when TADA was ...*(Interruptions)*...

DR. K. MALAISAMY: Sir, at that time, everything was under tight control.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Yes; Yes, it was under very, very tight control. Sir, I can tell you and inform this House, how tight was it that under TADA, one Vai Ravichandran was prosecuted. At that time, his elder brother was a Member of this hon. House;his name is Vaiko. Vaiko's younger brother, Mr.Vai Ravichandran, was prosecuted under TADA, at the time when hon. Member was the Home Secretary, and utimately...*(Interruptions)*...

DR. K. MALAISAMY: Sir, may I clarify?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): I don't think you need to clarify anything. Kindly stick to the point...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: I am sticking to the point on terrorism, Sir...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): You don't have more than five minutes. So, don't lose your time .. *(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARM: Sir, I am sticking to the point on terrorism and on how TADA was used to terrorise politicians and their family members.

DR. K. MALAISAMY: You may go and ask Mr. Vaiko.

SHRI R. SHUNMUGASUNDRAM: Sir, Mr. Vai Ravichandran was ultimately acquitted of the TADA charges. So, what happened to the TADA charges? He was accused in a case along with LTTE men for killing an EPRLF leader called Padmanabha. Ultimately the case ended in acquittal. What was the purpose behind using TADA against a member of a political family?

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

DR. K. MALAISAMY:*

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, I named Ravichandran. Now, Vaiko is with them and I don't want to talk about Ravichandran ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Are you yielding?

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: No, Sir, I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): He is not yielding. Nothing else is going on record. Please, continue.

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI DINESH TRIVEDI): Please, continue.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, POTA was introduced and under the Act, there were several prosecutions. Of course, in Tamil Nadu too, there were certain prosecutions.

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

DR. K. MALAISAMY: Sir, I have got a point of order ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TIRIVEDI): He has got a point of order. Let's listen to his point of order. Madam, would you please sit down? ...(*Interruptions*)... Please, listen to him for a minute.

SHRI V. NARAYANASAMY:*

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Mr. Narayanasamy, I am going to ask him. Please, tell me under what rule it is. Under what rule does your point of order fall? What is the rule?

DR. K. MALAISAMY: That the case ended in acquittal is a different matter...(*Interruptions*)...that is why he was prosecuted...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): There is no point of order. Please, carry on, Mr. Shunmugasundaram.

* Not recorded.

DR. K. MALAISAMY:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): You have now got only three minutes. You are losing your time and nothing also is going on record Please, carry on.

DR. K. MALAISAMY:*

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, you have to protect me. They are interfering ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): I am protecting you. Nothing else is going on record. He didn't have any point of order.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, Mr. Ravichandran was utlimately acquitted of the false charges; this is what I wish to say. When POTA was introduced, it was equally misused in Tamil Nadu ...*(Interruptions)*... Mr. Ravichandran's elder brother Vaiko was also prosecuted and he was also found not guilty. That POTA was misused is a fact known to everyone ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, another hon. Member said ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Will you, please, go beyond Tamil Nadu? ...*(Interruptions)*... Please, go beyond Tamil Nadu ...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, I shall go beyond Tamil Nadu.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): He is going beyond Tamil Nadu now.

DR. K. MALAISAMY:*

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Kindly go beyond Tamil Nadu. We are talking about the Mumbai blasts here.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, now the suggestion is that there must be some other new enactment, something like POTA, something like TADA. Somebody said it may be called 'Kota'! It may be called 'Kota' or 'Bata'; whatever it may be, I am only suggesting that such Acts cannot be allowed to be misused by any person, and more so, to target political personalities. I am of the view that if somebody

* Not recorded.

4.00 P.M.

suggests that such an enactment must be brought in, it is only with an ulterior motive, to target politicians and political opponents. They say so only with this view. They view things with a tainted glass, when they say something like — Madani was given a massage in his treatment of Siddha or Ayurveda ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Sir, this is as per Court ...*(Interruptions)*... As per Court orders, somebody is given treatment; the accused is not found guilty ...*(Interruptions)*... An accused person is given treatment as per Court orders, and the accused person is not an accused under TADA or POTA. He is an ordinary criminal.

SHRIMATI S.G. INDIRA:*

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: He is an ordinary criminal ...*(Interruptions)*... He is given treatment ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: You are losing your power ...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: If on humanitarian basis somebody is given treatment, is it bad? ...*(Interruptions)*... We have also seen in this country that some convicted persons are given the seat of Chief Ministers...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): You have made that point ...*(Interruptions)*... Can you go to the next point? ...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Yes, Sir. I am going to the next point. Now I come from an accused person to a convicted person. This is my another point. A convicted person was offered a seat of Chief Minister. That has happened in Tamil Nadu ...*(Interruptions)*... Therefore, there is nothing wrong in giving treatment to an accused person. ...*(Interruptions)*...

DR. K. MALAISAMY: He is going too far ...*(Interruptions)*... What is the relevance of it? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): I am on my legs ...*(Interruptions)*...

---

* Not recorded.

SHRIMATI S.G. INDIRA: What is he concerned? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Will you let me handle this? ...*(Interruptions)*... Please let me handle this ...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: Can you deny that a convicted person was not offered the seat of Chief Minister? ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Can you deny that you are misusing the power in Tamil Nadu? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DIENSH TRIVEDI): Please let me handle this ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Tell the answer ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): If you let me handle ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Is he talking about Mumbai blasts? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Can you kindly take your seat? ...*(Interruptions)*...Please let me handle this ...*(Interruptions)*... Let me handle this. ...*(Interruptions)*... May I request you to kindly go to your next point? You do not have much time. ...*(Interruptions)*...

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: I have made my point. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): You hardly have one more minute. Now it is time for you to conclude. In conclusion, whatever you have to add, kindly do that.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: I will do that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Kindly go beyond Tamil Nadu.

SHRI R. SHUNMUGASUNDARAM: We have to analyse the situation in Mumbai and what has prompted the blasts, is not some incidents that happened recently. When we look back, the history of modern India has to be divided into two parts. As an hon. Member was telling, the incidents

which happened prior to 6th December, 1992 and incidents which happened after 6th December, 1992 have to be compared. He has made a correct statement. The history of India will definitely be divided into two parts like the English calender of BC and AD — before 6th December, 1992 and after 6th December, 1992. All are the consequences of the demolition that had taken place. Who is responsible for this? Whoever has supported it, whoever offered *Kar Sewa*, they are all responsible for this incident. With these words, I thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Shri T.S. Bajwa. Not present. Shri Syed Azeez Pasha.

श्री सैयद अज़ीज पाशा (आन्ध्र प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मुम्बई में जो दुर्घटना हुई है, हिन्दुस्तान का कोई भी अमन पसन्द व्यक्ति यह नहीं चाहता कि इस किस्म के वाकयात हों। ऐसे वाकयात केवल मुम्बई में ही नहीं, बल्कि सारे हिन्दुस्तान में या दुनिया के किसी इलाके में न हों, चूंकि इसमें मासूम लोगों की जानें गई हैं। वे ऐसे मासूम लोग थे, जिनका किसी दंगे-फसाद से कोई वास्ता नहीं है। इस दुर्घटना के बाद कई किस्म के सवालिया निशान उठते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि इस वाकयात के साथ, किसी एक मकसूस कम्युनिटी का वास्ता है अगर चंद टेररिस्ट के नाम पर तमाम कम्युनिटी को बदनाम किया जाए तो बात बेबुनियाद है। किसी टेररिस्ट का कोई रिलीजन नहीं होता है। जैसा कि कहा जाता है – "मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना' तो कोई मजहब इस बात का बरदाश्त नहीं करता। दूसरा सवाल उठता है कि हो सकता है कि गुजरात में जो वाकये हुए, यह उसके बदले का एक हिस्सा है। आंकड़े देखने से पता चलता है कि इनमें सिर्फ 15 प्रतिशत लोग गुजरात के हैं। अगर बदला लेने की भावना से यह काम होता, तो वे माटुंगा रेलवे स्टेशन या माहिम के बजाय, किसी दूसरे स्टेशन को चुनते। इसलिए यह बात बिल्कुल गलत है।

उपसभापति महोदय, इस सदन में तीसरा सवाल यह उठाया गया था कि एक कम्युनिटी के साथ appeasement यानी खुशामदी की वजह से ये लोग आतंकवादी रास्ते की तरफ आ रहे है। हिंदुस्तान के एक बहुत ही मशहूर पत्रकार, जो freelance journalist रहे हैं, श्री सईद नकवी साहब ने 10 साल पहले RSS के संचालक – बालासाहब देवरस से इंटरव्यू लेकर इंडियन एक्सप्रैस में छापा था। उस वक्त उन्होंने यही बात बालासाहब देवरस से कही थी कि आप लोग appeasement की बात कहते हैं, appeasement से क्या इस community को कोई फायदा हो रहा है? अगर आंकड़े देखें, तो पता चलता है कि हिंदुस्तान के दूसरे समाजों के जो लोग हैं, उनमें और इनमें बड़ा फर्क है। अभी पिछले हफ्ते अमरीका की Time मैगजीन में मुंबई बम विस्फोट के बारे में चंद आंकड़े छपे थे। उन्होंने लिखा है कि national average और

मुसलमानों की जो economic conditions हैं – चाहे वह literacy हो, चाहे educational standard हो या bank loan हों, इन्हें अगर देखा जाए, तो ये national average से 10 से 12 प्रतिशत कम हैं। इसलिए यह कहना बिल्कुल बेबुनियाद है कि यह appeasement का नतीजा है, जिसकी वजह से एक मकसूस कम्युनिटी इस मामले में आगे है।

उपसभापति महोदय, इस हादसे के फौरन बाद Communist Party of India की तरफ से हमारे लोकसभा के floor leader कामरेड गुरुदास दासगुप्ता और मैं मुबंई गए थे और हम मौका-ए-वारदात पर पहुंचे थे। हम हॉस्पिटल्स में भी गए और हमने जख्मियों की इयादत की। हम Western Railway के headquarter पर भी गए थे और वहां के officials से हमने बातचीत की, आम शहरियों से बातचीत की थी। हमको यह जानकर बड़ी खुशी हुई कि इस दुर्घटना के फौरन बाद, पांच मिनट के अंदर, उन रेल की पटरियों के आस-पास रहने वाले जो लोग हैं, जो गरीब लोग हैं, स्लम के लोग हैं, हर तबके के आदमी ने वहां पर पहुंचकर, एक-दूसरे की मदद की। वैसे तो पुलिस हमेशा की तरह बाद में पहुंची, लेकिन आम आदमी ने एक-दूसरे की मदद की। लोग खून देने के लिए वहां पर कतारों में खड़े थे। कई लोगों ने घायलों को फौरन अस्पताल पहुंचाने के लिए अपनी गाड़ियों का इस्तेमाल किया। यह देखकर हमें बड़ी खुशी होती है कि मुंबई में आज भी इंसानियत जिंदा है। यह उन लोगों के मुंह पर एक भरपूर तमाचा है, जिन्होंने यह समझा था कि इस कांड के बाद वहां पर एक खलिश आ जाएगी, वहां पर फिर हिंदू-मुस्लिम फसादात होंगे। उनका यह गेम-प्लान बुरी तरह से नाकामयाब हुआ, यह बड़ा positive aspect है।

उपसभापति जी, इसके साथ-साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि हमको जो चंद वाकयात बताए गए, जिनमें लोगों ने एक-दूसरे की मदद की, वहीं पर हम देखते हैं कि चंद corporate hospitals जैसे हिन्दुजा हॉस्पिटल है, लीलावती हॉस्पिटल है, वहां लीलावती हॉस्पिटल में 33 जख्मी admit हुए थे और हिन्दुजा हॉस्पिटल में 31 जख्मी लोग admit हुए थे। चूंकि हुकूमत ने वायदा किया है, रेलवे मिनिस्ट्री ने उनके इलाज का खर्चा बरदाश्त करने का वायदा किया है, इसलिए हॉस्पिटल वालों ने एक-एक bed पर 5 हजार और 6 हजार का खर्च दिखाया है, यानी Five Star Hotel के कमरे से ज्यादा खर्च दिखाया है और इतना बिल दिया है। इस तरह हमें यह मिसाल भी मिलती है कि कारपोरेट हॉस्पिटल वालों ने इस मौके का नाजायज फायदा उठाया है।

उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि चंद तजवीज और suggestions आए हैं, हालांकि वे technical suggestions हैं, जिन पर गौर किया जा सकता है। चूंकि मुंबई एक ऐसी जगह है, जहां पर लाखों लोग ट्रेनों में सफर करते हैं, एक ट्रेन में कम से कम 4 हजार पैसेंजर्स रहते हैं, इसलिए वहां पर यह पता लगाना कि किसने, किस जगह पर बम रखा है, क्या किया है, यह देखना नामुमकिन है। यह मशविरा आया था कि जो overhead luggage rakes होते हैं,

जहां पर लोग luggage रखते हैं, क्यों नहीं उसे बर्खास्त किया जाए? क्योंकि मुम्बई शहर के जो फेरीवाले लोग हैं, बड़ा-बड़ा luggage तो नहीं, उनका जो छोटा-मोटा समान है, वे अपनी जांघों पर रख सकते हैं। इसलिए अगर ऊपर के overhead luggage rakes को बर्खास्त कर दें, तो किसी को वहां पर कोई चीज रखने की गुंजाइश नहीं होगी। इसके साथ अगर सीट के नीचे के तमाम हिस्से को cover कर दिया जाए, तो एक लिहाज से technically वहां पर किसी चीज को रखने की गुंजाइश नहीं रहती है। एक बात यह आती है।

इसके साथ-साथ आखिर में मैं कहूंगा कि हमारी तो intelligence agencies हैं, उन intelligence agencies को ज्यादा मजबूत करना चाहिए। हालांकि आईबी के कहने के बावजूद भी पता नहीं क्यों वहां की स्टेट पुलिस को इस बारे में जो काम करना चाहिए था, उसमें वह बुरी तरह से नाकाम हुई है। हम चाहते हैं कि Central Intelligence Agency और वहां की रियासत की Intelligence Agency में एक co-ordination होना चाहिए। आज जो co-ordination नहीं हैं, उसे और मजबूत करना चाहिए। इसके लिए और बजट allocation होना चाहिए। इसके साथ-साथ हमें disaster management के बारे में भी सोचना चाहिए, क्योंकि मुम्बई के ये वाकये बताते है कि बहुत हद तक हमारा disaster management नाकाम हुआ। अगर आम शहरी इस मामले को लेकर आगे नहीं आते, तो मालूम नहीं कि कितने लोगों की जाने जाया होतीं।

मैं आखिर में एक और बात कहते हुए अपनी बात खत्म करता हूं। वह यह है कि जहां तक investigation की बात आती है, तो कई लोगों को arrest किया गया है। जाहिर है कि इतना बड़ा वाकया हुआ है, तो उसके लिए arrest करना ही पड़ेगा, interrogate करना ही पड़ेगा। मगर इस interrogation के नाम पर जो कई बेगुनाह और मासूम लोगों को arrest किया जा रहा है और अगर उनका कई महीनों, कई सालों तक रखा जाए, तो इससे एक पूरी कम्युनिटी में एक alienation का process शुरू हो जाएगा। यह नहीं होना चाहिए। इस मामले में पुलिस और जितनी भी agencies हैं, इस बारे में ध्यान रखें कि कोई मासूम आदमी इस बात का शिकार न हो। आपको हक है कि हरेक से पूछताछ करें। उसके बाद जो भी मासूम हैं, उसे फौरन unconditionally रिहा कर देना चाहिए।

आखिर में निर्मला देशपांडे जी ने जो बात कही है, वह भी बहुत काबिले गौर है,उसके बारे में भी सोचना चाहिए। बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री दत्ता मेघे (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, देश में आतंकी हिंसा की बढ़ती घटनाओं, विशेषकर मुम्बई में हाल ही में 11 जुलाई की शाम को 6.20 से लेकर 6.40 तक 7 बम धमाके हुए, जिनमें सरकारी आंकड़े के अनुसार 198 लोगों का निधन हुआ और 712 लोग घायल हुए।

अखबार में प्रकाशित आंकड़ों पर जाएं, तो मरने वालों की संख्या 200 से अधिक है और जख्मी 750 से अधिक हैं। मातुंगा, माहिम, खार रोड, जोगेश्वरी, बोरीवली, मीरा रोड और भयंगर आदि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में ये ब्लास्ट हुए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुम्बई में जो लगातार घटनाएं हो रही हैं, इसके बारे में मुम्बई के लोगों ने जिस ढंग से जाना, मैं भी उस दिन मुम्बई में था और हमने देखा कि 20 मिनट के अन्दर बहुत organized way में जिस तरह से मुम्बई में बम ब्लास्ट की घटना हुई, उससे पूरी मुम्बई दहल गई। उसमें खास तौर से जो बातें थी, हमने देखा, मैं नागपुर में रहता हूं, जिस दिन आरएसएस के मुख्य कार्यालय के ऊपर भी जब हमला हुआ, तब हमारी महाराष्ट्र की पुलिस बहुत सतर्क थी। जो भी आतंकवादी थे, उन्होंने उन्हें वहां मार गिराया। पुलिस को जहां-जहां information मिली, वहां-वहां महाराष्ट्र की पुलिस गई। मैं तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री जी को अभिनंदन करूंगा कि इस घटना के होने के तुरंत आधे घंटे बाद सरकार की जो पूरी यंत्रणा थी, पूरे काम में लग गई यही नहीं, हमारे शिवराज पाटिल जी और हमारे देश की नेता सोनिया गांधी जी, वे तुरंत वहां पहुंचे। इतने कम टाइम में जो घटना हुई और जब मुम्बई में इतनी दर्दनाक घटनाएं होती हैं, तो पूरा देश उसकी तरफ देखता है आतंकवाद की घटनाएं होने की information थी, सब लोग आज कह रहे हैं, लेकिन जब-जब ऐसी बातें होती हैं, तो मुम्बई की पुलिस इसमें बहुत चौकस रही है। लेकिन हमने देखा कि 1993 से लेकर अभी तक करीब 110 के ऊपर बम विस्फोट हुए हैं। 1993 में 12 मार्च को शेयर बाजार, एयर इंडिया इमारत सेंचुरी बाजार, सेना भवन, शिराँक होटल के पास ब्लास्ट हुए।

जिन में 200 से ज्यादा लोगों की जानें गयीं और 713 लोग जख्मी हुए थे। सन् 93 बाद ये घटनाएं बराबर हो रही हैं। ये घटनाएं कोई मामूली घटनाएं नहीं हैं। आम आदमियों का इस ढंग से मारा जाना देश के लिए बहुत चिंता का विषय है। इसलिए पूरे देश के लिए यह घटना बहुत शोक करने की बात होती है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मनोहर जोशी जी ने बहुत गंभीर विषय सदन में चर्चा के लिए रखा है जिस की सभी पार्टियों और देश की सौ करोड़ से ज्यादा जनता ने निंदा की है। इसलिए आज इस तरह की जो निंदा करने वाली घटनाएं हैं वे आगे मुंबई देश में दूसरी जगह न हों, इसलिए काम करना बहुत जरूरी है। उपसभाध्यक्ष जी, हम ने देखा है कि शिवराज पाटिल जी, हमारे रेल मंत्री जी और सोनिया जी हॉस्पीटल गयीं और वहां की सरकारी मशीनरी ने राज भर लोगों की मदद करने का काम किया, लेकिन पुलिस के आने से पहले मुंबई के लोग घटना स्थल पर गए और जितनी मदद हो सकती थी की। चाहे वहां के हॉस्पीटल में या जनता हो, सभी लोगों ने मिलकर इस दुखद घटना पर खाली निंदा कर के घर में बैठे रहना उचित नहीं समझा बल्कि उन्होंने वहां पहुंचकर मदद करने की कोशिश की।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हम देखते हैं कि आज इस तरह की घटनाओं के पीछे ये आतंकवादी लोग कौन हैं? वे चाहे जिस समाज के हो उन को सजा मिलनी चाहिए। हम ने किसी एक समाज का कभी बुरा नहीं कहा हैं, न मुस्लिम समाज बुरा है और न कोई और समाज बुरा है। लेकिन समाज में जो इस तरह की घटनाएं हो रहीं हैं, उस में जो लोग लिप्त मिलते हैं, उन के ऊपर कार्यवाही नहीं होती हैं। हम ने देखा कि 93 की घटना में अभी तक किसी को सजा नहीं हुई। इस से जो हमारी जुडीसियरी और वहां हमारी मशीनरी है- इन सब में इस से दहशत है। मैं यह नहीं कहूंगा कि जिन्होंने कुछ नहीं किया, उनको पकड़ा जाय या उन को तकलीफ दी जाय, लेकिन जो भी ''क्लू'' पुलिस के पास आता है, उन लोगों तक आज पुलिस पहुंच रही है, और पहुँचते-पहुँचते लोग दाऊद इब्राहीम का नाम लेते हैं। अभी भी वह सब चल रहा है, लेकिन उस से कोई बात बाहर नहीं आ रही है। इसलिए ये घटनाएं जिस ढंग से सोच-समझकर की जा रही हैं, उतनी सेक्युरिटी रखना देश के लिए बहुत जिम्मेदारी का काम है। वह पुलिस का काम है, हांलाकि उसमें बहुत खामियां हैं। हमने देखा है कि वहां जिस ढंग से लोग आते जाते हैं, उस में हम जो कर सकते हैं, किया जाना चाहिए। मैं यह नहीं कहूंगा कि जहां कुछ लाख लोग रोज सबेरे-शाम आते हैं, वह सभी को देखे, लेकिन उस में कमतरती जरूर हुई है। दस पर जो भी खर्चा था, वह हम ने नहीं किया, महराष्ट्र सरकार को केन्द्र सरकार से जो भी इंफॉर्मेशन मिली थी, उस बारे में उन को और जागरूक रहना था। औरंगाबाद में लोग पकड़े गए, वहां बम और दूसरी चीजें मिलीं। नागपुर में घटना हुई और उसके बाद लगातार तक महीने के अंदर जब यह घटना होती है तो इस बारे में आज कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है, सही मायने में जो भी लोग सरकार में काम करते हैं, हमने देखा पिछले वक्त जो अच्छे अधिकारी थे, उनको बंद कर दिया। उसमें मानवाधिकार की बात होती है। महोदय, जब इस तरह की आतंकवादी घटनाएं होती हैं और जब एक पुलिस अधिकारी कुछ काम करता है, तब उसके ऊपर मानवतावादी और इस तरह की बात होती है, तो वह अधिकारी काम नहीं कर सकता। इसलिए मुंबई में, महाराष्ट्र में और देश में दूसरी जगह सभी लोगों को मिलकर देश की सुरक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। महोदय, हम ने देखा है कि इस तरह की घटनाओं के बाद भी मुंबई के लोग घर में बैठे नहीं रह सकते। उन को काम करना ही पड़ता है। मुंबई तो रातभर चालू रहती है। सिर्फ एक-डेढ़ घंटे रात में बंद होती है, फिर सबेरे 4-5 बजे मुंबई के लोग काम पर जाते हैं। हमने देखा है कि इस में सरकार की कोई कमतरती वाली बात नहीं है। इसमें मुख्य मंत्री जी ने काम किया है, सभी पार्टी के लोगों ने काम किया है। तीन दिन लगातार सभी लोग मिलकर इस बारे में सोचते रहे और काम करते रहे। अगर कल कोई और बम विस्फोट हो जाता है और उस में सैकड़ों लोग मरते हैं तो उस से सभी लोगों को दर्द होता है, लेकिन उस दर्द से बात बनने वाली नहीं है। हम ने देखा है कि हमारे यहां महाराष्ट्र में कुछ जगह इस तरह से फोर्स काम कर रहा है। अब यह काम कौन कर रहा है, कहां कर रहा है, यह देखना पुलिस की जिम्मेदारी है , लेकिन चाहे औरंगाबाद हो, बीड़ हो, नांदेड़ हो, हमारे

विदर्भ क्षेत्र में अकोला हो, अमरावती हो, मालेगांव हो- इन सारी सिटीज में यह बात हो रही है। यह कौन कर रहा है, इसे देखना पुलिस का काम है। हम नहीं कहेंगे कि मुस्लिम इस में काम कर रहे है। मैं तो अबू आसिम आजमी जी से हमेशा कहता हूं कि देखिएं, जो भी गलत काम करता है, वह चाहे हिन्दू हो या मुसलमान, आतंकवादियों की कोई जाति नहीं होती है। ...**(समय की घंटी)**... इसलिए जो लोगों को मारता है, उसको पनिशमेंट देना सरकार की जिम्मेदारी होती है। उस जिम्मेदारी को पूरी करने में हमारी पुलिस में जो कुछ असफलताएं दिखीं हैं, उन्हें उसमें सफलता मिले और उनका मोरल बढ़ा रहे। जो घटनाएं हुई हैं, आज भी उनकी इन्क्वायरी चल रही है। जब हमारे शिंदे साहब मुख्य मंत्री थे, तब उनके काल में कोई ब्लास्ट नहीं हुआ, बहुत रिलीफ था। बाद में जब नायक साहब मुख्य मंत्री थे, तब हुआ तब यहाँ से राव साहब ने श्री शरद पवार को वहां भेजा। आप लोगों ने बड़ी सतर्कता से काम किया।

मुम्बई सिर्फ महाराष्ट्र की राजधानी ही नहीं है, देश के हर कोने से हजारों लोग वहां जाते हैं। वहाँ कोई बांग्लादेश से आता है, कोई इधर से आता है, तो कोई पाकिस्तान से आता है। ये जो बातें हो रही हैं कि वे क्यों आ रहे हैं, कहाँ से आ रहे हैं, वे कौन-सी झोपड़पट्टी में कहाँ रह रहे हैं, यह सब देखना बहुत जरूरी है। मुम्बई में कितने लोग कहाँ से आए हैं, इसका भी खुलासा हो जरूरी है। हमारे नेता बाला साहब ठाकरे भी कहते हैं, कि उसके बंद नहीं होने पर भी इस मामले में कुछ तो करना पड़ेगा। हजारों लोग रोज आ रहे हैं। कोई लोटा लेकर आ जाता है और बैठ जाता है, उसे कुछ मिलता नहीं। वहाँ तो भिखारी लोग भी करोड़ो रुपए कमा लेते हैं। कुछ दिन पहले पेपर में भी आया था कि वे लोग सौ करोड़ रूपये से ऊपर कमा रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री मनोहर जोशी: इन्होंने कहा कि हमारे नेता बाला साहब ठाकरे हैं। ...**(व्यवधान)**... मैं कहना चाहता हूं कि उनका क्या उपयोग है? ...**(व्यवधान)**...

श्री दत्ता मेघे: वे हमारे नेता इसलिए हैं कि वे महाराष्ट्र के नेता हैं। मैं कहता हूं कि कोई उनको अलग नहीं कर सकता है। जो नेता है, वह नेता है। शरद पवार जी नेता हैं, तो नेता हैं। सोनिया गांधी जी नेता हैं तो उसमें गलत क्या है? ...**(व्यवधान)**... हम ही नहीं, समाज के लिए जो आदमी अच्छा काम करता हैं, उसका आदर हमारे भारत में सब करते हैं। **(समय की घंटी)**. .. उपसभाध्यक्ष महोदय, आज भी खतरा है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Please conclude.

श्री दत्ता मेघे: हमारे मराठवाड़ा , कोंकण एरिया और इसके अगल-बगल में जो समुद्र है, वहाँ पर भी व्यवस्था रखना बहुत जरूरी है। आज भी जो शस्त्र आते हैं, उनको देखने के लिए कोई उतना प्रभावी नहीं है। हमारे पाटिल साहब बहुत जानकार हैं, उनको मालूम है। पूरे

महाराष्ट्र की जनता उनके साथ है। वे देश के गृह मंत्री हैं। वे हमारे महाराष्ट्र को बचा सकते है। इसलिए वहाँ क्या कार्रवाई करें, जिससे कि कोई घुसपैठिया आकर वहाँ पर बम विस्फोट न कर सके, इसके लिए खबरदार रहना बहुत जरूरी है। यह पूरे देश का काम है। आप लोगों के ऊपर जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हम पूरी करने वाले हैं। लेकिन जो निरपराध लोग हैं, तो इसमें मारे जाते हैं, उनके बारे में भी हम लोगों को सोचना जरूरी है। हमने जो कहा है कि सब लोगों को मदद मिल रही है, तो जिनको नहीं मिलती, क्यों नहीं मिलती और क्या नहीं होता, उसे भी देखने का काम जरूरी है। वे तो इधर-उधर घूम नहीं सकते । इस तरह से ये सब बाते आज वहाँ पर हैं। वहाँ लोग काम कर रहे हैं। हम ये सब जो घटनाएं होती हैं, उनकी निन्दा करते हैं। देश में सबको मिल कर आतंकवाद को खत्म करना है, यह हमारा प्रमुख उद्देश्य रहना चाहिए। धन्यवाद, सर।

MS. PRAMILA BOHIDAR (Orissa): Sir, terrorist violence is no more confined to fundamentalist groups. It is not even confined to only certain States or areas in the country like Jammu and Kashmir. It is gradually spreading to many other part of the country. Even States without any international border are also being targeted by terrorists and with foreign links. Even States like Orissa without international border are being targeted by terrorists with or without foreign links.

The recent serial bomb blasts in Mumbai is a continuation of the happenings of 1993 bomb blasts. We must thank the civil population of Mumbai who have not only braved the situation, but also have come together to help the blats victims.

While the intelligence and security agencies are working to find out persons responsible for such criminal and anti-national activities, it is necessary to look at the problem with a larger view. Now, it is report by the media that the Maoists, Naxalites, terrorists and separatists in the North-East are exchanging arms, ammunition, information, and training facilities among themselves.

The Government has to take a total view of the situation. It must look at the Maoist and Naxalite problems in the States of Orissa, Jharkhand, Chhattisgarh, Bihar, Andhra Pradesh and Maharashtra . It is necessary to check any nexus or collaboration between these groups and the foreign aided fundamentalists engaged in terrorist activities.

POTA was an effective law to check terrorism. But it was withdrawn.

This encouraged terrorists. They started more violence. Now it is most necessary to adopt a strong law to prevent terrorism. The Government without loss of times hold act on this. Thank you, Sir.

श्री संजय राउत (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, इस सदन में मुंबई बम ब्लास्ट का विषय जो आज चल रहा है, वह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत ही गंभीर है, क्योंकि मैं भी मुंबई से आया हूं। बहुत से वक्ताओं ने अपने विचार यहां रखे हैं, अलग-अलग विचार, अलग-अलग सुझाव आए हैं। कुछ विचारों से तो हम सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन विचार यहां व्यक्त किए गए हैं। जब आदरणीय निर्मला देशपांडे जी यहां इस सदन में अपनी कुछ बातें रख रही थीं, तो मुझे बहुत दुख हुआ और मुझे तो ऐसा लगा कि क्या मैं पाकिस्तान की असेम्बली में बैठा हूं और अपने देश की निंदा सुन रहा हूं। ऐसा तो इस सदन में कभी नहीं हुआ है। इस देश में एक आतंकवादी हमला होता है, उसमें दो सौ ज्यादा लोग मारे जाते हैं, हजार से ज्यादा लोग घायल होते हैं और यहां कहा जाता है कि गोली से नहीं, बोली से इसका समाधान होगा। मैं इसे नहीं मानता। यहां आरडीएक्स आता है, एके-47 आता है, विस्फोटक आते हैं और हम सिर्फ बातें करते रहेंगे, ऐसी बात करना ही निंदा का विषय है।

सर, अभी खतरा टला नहीं है, आगे बढ़ता जा रहा है यहां आदरणीय गृह मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनके ध्यान में "टाइम्स ऑफ इंडिया" के 26 जुलाई के फ्रंट पेज पर जो न्यूज आई है, वह न्यूज लाना चाहता हूं, जो जरूरी -"Maoists are going to Mumbai-underworld. Arms belonging to Maoists in Nepal are being smuggled to Mumbai-underworld, according to report of the Directorate of Revenue Intelligence." यह एक अत्यंत चिंता की और गंभीर बात है कि अब नेपाल से भी खतरा बढ़ा है। मुंबई का अंडरवर्ल्ड कौन चला रहा है? मुंबई का अंडरवर्ल्ड दाउद इब्राहीम चला रहा है, मुंबइ का अंडरवर्ल्ड छोटा शकील चला रहा है, मुंबई का अंडरवर्ल्ड अबू सालेम चला रहा है और ये सब पाकिस्तान की आईएसआई के और तोइबा के सबसे बड़े एजेंट यहां है। अगर उनको इस तरह से हथियार मिलते हैं, तो मुझे लगता है कि मुंबई में धमाके होते रहेंगे, मुंबई में हादसे होते रहेगे, हादसे बढ़ते जाएंगे और हम अगर बोलते रहेंगे या ज्यादा चर्चा करते रहेंगे, ता उससे कोई हल नहीं होगा।

श्री अबू आसिम आजमी (उत्तर प्रदेश): आपके क्या सुझाव हैं?

†[شری ابو عاصم اعظمی : آپ کے کیا سجھاؤ ہیں؟]

श्री संजय राउत: हम तो सुझाव देंगे। आपको क्यों तकलीफ हो रही है। हम तो सुझाव देंगे। हम जब दाउद का नाम लेते हैं, छोटा शकील का नाम लेते हैं, अबू सालेम का नाम लेते है, ...(व्यवधान)...

†[ ] Transliteration in Urdu Script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): Don't pay any attention to that. You please carry on.

श्री अबू आसिम आज़मी: आप जब वहां सरकार में थे, तो आपने क्या किया? **...(व्यवधान)...**

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : آپ جب وہاں سرکار میں تھے، تو آپ نے کیا کیا؟ —مداخلت—]

श्री संजय राउत: जब दाउद की बात आती है, छोटा शकील की बात आती है **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी): आज़मी साहब, आप इसके बाद बोलने वाले हैं, उस समय अपने तर्क जरूर रखिएगा।

श्री संजय राउत: जब दाउद का नाम लेते हैं, तो क्या हम टाइम वेस्ट करते हैं। क्यों आपको दाउद से प्यार है? क्यों पाकिस्तान से प्यार है? **...(व्यवधान)...**

श्री वीरेन्द्र भाटिया (उत्तर प्रदेश): सर, यह तो गलत बात है। किसी माननीय सदस्य को जो आप इस तरह कह रहे हैं, यह तो बिल्कुल आपत्तिजनक बात है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी): आजमी साहब, आपका बोलने का समय आएगा, तब बोलिएगा।

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, महाराष्ट्र में जब पहली बार बीजेपी और शिव सेना की सरकार आई थी, तो इनके मैनिफेस्टो में था कि जैसे हम सरकार में आऍंगे, हम दाउद इब्राहीम को गिरफतार कर लेंगे। हम तो खुश थे कि गिरफतार करो, मगर 6 साल तक इन्होंने उसका नाम ही नहीं लिया।

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : سر، مہاراشٹر میں جب پہلی بار بی جے پی اور شیوسینا کی سرکار آئی تھی، تو ان کے مینیفیسٹو میں تھا کہ جیسے ہم سرکار میں آئیں گے،

श्री संजय राउत: सर, मैंने इतना ही कहा है कि एक बार फिर नेपाल के माओवादियों से अंडरवर्ल्ड को हथियार मिल रहे हैं। यह इंटेलीजेन्स की रिपोर्ट है, वह ''टाइम्स ऑफ इंडिया'' के

†[ ] Transliteration in Urdu Script.

फ्रंट पेज पर छपी है। मैंने उस ओर माननीय गृह मंत्री जी का सिर्फ ध्यान आकर्षित किया है। आपको तकलीफ क्यों हो रही है? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी): आप मेहरबानी करके Please don't disturb.

श्री संजय राउत: अगर आपको कोई तकलीफ है, जब हम आईएसआई का मान लेते हैं, दाउद का नाम लेते हैं, तो मैं क्या कर सकता हूं? सरकार देखेगी, गृह मंत्री बैठे हैं। मुम्बई में जो खौफनाक हमला हुआ, सिर्फ 11 मिनट में 7 विस्फोट हो गए और उस हमले में जो मासूम लोग मारे गए, उन मासूम लोगों की चिताओं की आग अभी भी ठंडी नहीं हुई है, घायलों के जख्म नहीं भरे हैं, कुछ घायल आज भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं और कम से कम 50 लोग आज भी लापता हैं।

एक बात तो मैं साफ तौर से कहूंगा कि इस घटना की निन्दा सब पार्टियों ने की। हर पार्टी का नेता, बड़ा नेता मुम्बई आया, संवेदना जताई- सोनिया गांधी आईं, लाल कृष्ण आडवाणी जी आए, राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, सब नेता आए। अमर सिंह जी भी आए, मैं उनका नाम भी लेने वाला हूं। मुम्बई में आकर सबसे महत्वपूर्ण बात अगर किसी ने कही तो अमर सिंह जी ने कही। अमर सिंह जी नें एक बात बहुत महत्वपूर्ण कही, उन्होंने कहा–

"How come blasts occur in Delhi and Mumbai only when Congress Party is in power?"

जब दिल्ली और महाराष्ट्र में कांग्रेस की सत्ता होती है तब ही बम-ब्लॉस्ट क्यों होते हैं? ऐसा सवाल, जो अमर सिंह जी ने पूछा है, मुझे लगता है कि हमें इसका जवाब ढूंढना चाहिए और गृह मंत्री जी को भी इसका उत्तर देना चाहिए।

डा॰ प्रभा ठाकुर (राजस्थान): ब्लॉस्ट वे करवाते हैं, जिन्हें कांग्रेस की सत्ता बर्दाश्त नहीं होती, मेरा भी यह कहना है माननीय सदस्य से।

श्री संजय राउत: सर, कांग्रेस का आतंकवाद से क्या रिश्ता रहा है? मुझे लगता है आतंकवाद का रिश्ता वोट बैंक की राजनीति से होतो है, मुस्लिम तुष्टिकरण की जो राजनीति होती है, उससे आतंकवाद का रिश्ता होता है। लम्बे समय तक देशद्रोहियों और आतंकवादियों के प्रति सरकार की जो उदासीनता रही, उसका फल आज पूरा देश भोग रहा है। प्रधानमंत्री डा॰ मनमोहन सिंह जी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के सामने कहा था कि इस हादसे की, बम-ब्लॉस्ट की सूचना दो महीने पहले महाराष्ट्र सरकार को केन्द्र ने दी थी। इस चेतावनी के बावजूद, राज्य की सरकार सोती

रही और 200 लोग मुम्बई ब्लॉस्ट में मारे गए, यह बहुत चिंताजनक और गंभीर बात है। लेकिन इस चेतावनी के बावजूद अगर राज्य सरकार कुछ नहीं करती, तो मैं पूछता हूं कि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार पर क्या कड़क कार्रवाई की? कुछ नहीं किया। इस विस्फोट के बाद हमारे देश के मुस्लिम भाइयों को लोग शंका की दृष्टि से देखने लगे, संदेह की नजर से देखने लगे, यह दुख की बात है। इस देश के राष्ट्रपति एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका हम आदर करते हैं, जिनको हम एक आदर्श की तरह सामने रखते हैं और अपने बच्चों को कहते हैं कि अगर कुछ बनना है तो डा॰ कलाम जैसे बनो, कुछ करना है तो डा॰ कलाम का आदर्श अपने सामने रखो। इस हादसे के बाद हर मोबाइल पर एक "डै उभरकर आया था। डै क्या था? हर मुसलमान आतंकवादी नहीं है, लेकिन हर आतंकवादी मुसलमान क्यों होता है? सर, यह सच है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन आज धर्म के नाम पर मुम्बई में, महाराष्ट्र में, पूरे देश में आतंकवाद हो रहा है और इस आतंकवाद के पीछे लश्कर-ए-तैय्यबा, जैश-ए-मोहम्मद, पाकिस्तान की आईएसआई और भारी संख्या में जो बंगलादेशी इस मुल्क में घुसे हैं, उनका हाथ है। इन बंगलादेशियों को भगाना चाहिए, यहां से हटाना चाहिए, यह नारा सबसे पहले दिया था शिव सेना ने, मुम्बई में। बाला साहेब ठाकरे जी ने कहा था कि इन बंगलाशियों को भगाओं, इनसे देश को खतरा है। लेकिन, यह चीज जब बाला साहेब ठाकरे कहते थे तो यहां बैठे हुए हमारे कुछ साथी कहते थे कि यह तो बहुत भड़काऊ भाषण है, बाला साहेब ठाकरे धार्मिक चेतावनी की बात करते हैं। क्योंकि, उन बंगलादेशियों में भी कुछ लोगों को अपनी वोट बैंक की राजनीति नजर आती थी।

उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी): आप, बंगलादेशी यानी इललीगल इम्मिग्रेंट्स की बात कर रहे हैं न?

श्री संजय राउत: जी, मैं उन्हीं की बात कर रहा हूं, जो बंगलादेशी पाकिस्तान से, नेपाल से या बंगलादेश से इललीगली आते हैं। मैं ऐविडेंस के साथ कह सकता हूं, उनको राशन कार्ड देने का काम किसने किया, वोटर लिस्ट में उनका नाम डालने का काम किसने किया, सब कांग्रेस ने किया। महाराष्ट्र में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, तब-तब मुम्बई में, ठाणे में, नवीं मुम्बई में दो लाख बंगलादेशी आ गए, जिनका नाम वोटर लिस्ट में है। नवीं मुम्बई में दो लाख से भी ज्यादा लोग हैं, जिनका नाम वोटर लिस्ट में है और मुंब्रा में तो उससे भी ज्यादा हैं।

सर, ये बांग्लादेशी कहां से आते हैं? उनका कोई ठिकाना नहीं है। यह बांग्लादेशी घुसपैठिए एक कैंसर रोग की तरह चारों ओर फैल गए हैं और इंटैलिजेंस ब्यूरो की जो रिपोर्ट है, उसमें सह स्पष्ट कहा गया है कि इन बांग्लादेशियों का इस्तेमाल ही इन बॉम्ब ब्लास्ट्स में अथवा मानव बॉम्ब

की तरह या फिर बॉम्ब्स कैरियर की तरह किया जाता है। आज इस देश में आईएसआई के 250 मॉड्यूस एक्टिव हैं। ये मॉडयूल्स स्थानीय बांग्लादेशियों में जो टैररिस्ट है, उनके सहयोग से चलते हैं। इसमें जम्मू-कश्मीर के, मैं नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन इन मॉडयूल्स को स्लीपर सेल्स कहा जाता है। स्लीपर सेल्स का मतलब यह है कि उनका कोई भी क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होता है। जब कोई बड़ा हादसा करना होता है, तब उनको यूज़ किया जाता है, जैसे कि मुम्बई में किया गया है। इनमें से 146 स्लीपर सेल्स उत्तर प्रदेश में काम कर रहे हैं। बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में भी ये सक्रिय हैं। दक्षिणी राज्यों में इनकी संख्या 80 है और महाराष्ट्र में 6 स्लीपर सेल्स काम कर रहे हैं। इनके पास भारी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक होते हैं। आरडीएक्स जैसे विस्फोटक एवं इसी तरह का अन्य सामान भी रहता है।

सर, हमारे देश की सीमाओं को नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश इन तीनों ने घेरा हुआ है। पिछले केवल एक वर्ष में ही अकेले महाराष्ट्र में 200 मुस्लिम युवकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण देने के लिए उन्हें अब पाकिस्तान नहीं बल्कि बांग्लादेश में ले जाया जाता है। बमकांड के तुरंत बाद पूर्वोत्तर सीमा पर, मुंब्रा में पकड़े गए दो दर्जन युवकों को भी प्रशिक्षण के लिए ही ले जाया जा रहा था।

सर, देश के गृह मंत्री जी ने मदरसों के बारे में एक बात कही थी कि मदरसे मानवता के मंदिर हैं। मैं उनसे कुछ हद तक ही सहमत हूं। मदरसे धार्मिक कार्य करते हैं, सामाजिक कार्य भी करते होंगे, लेकिन महाराष्ट्र के जलगांव एव मराठवाड़ा में कुछ मदरसों में ऐसी बात नजर आई है कि वहां आतंकवादी गतिविधियां चालू थीं और वहां पर कुछ लोग पकड़े भी गए हैं। नवीं मुम्बई में भी जो चार लोग पकड़े गए, उनका संबंध भी मदरसों से ही था। मैं यह नहीं कहूंगा कि दाढ़ी रखने वाला हर मुसलमान ओसामा बिन लादेन है। मैं हर मदरसे के ऊपर उंगली नहीं उठाऊंगा लेकिन कुछ न कुछ गड़बड़ तो है, हमें उस गड़बड़ को देखना पड़ेगा।

मैं यहां पर एक बात और कहना चाहता हूं कि जब भी ऐसी दुर्घनाएं होती हैं, ब्लास्ट होता है अथवा टैररिस्ट अटैक होता है तो पाकिस्तान का नाम लिया जाता है। Every time, after a blast or terror attack, we point fingers at Pakistan which is quite easy. लेकिन, सर, पाकिस्तान का नाम लेने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि पाकिस्तान का हाथ इतना लम्बा नहीं है, दाऊद का क़द भी इतना लम्बा नहीं है। इस देश की आबादी 100 करोड़ की है, यह देश महाकाय है, महाभारत है और यह पाकिस्तान या दाऊद के कुछ कहने या कुछ करने से खत्म नहीं होगा।

इस देश में जो छोटे-छोटे पाकिस्तान बने हुए हैं, उन छोटे-छोटे पाकिस्तानों में एक दाऊद है, एक मुशर्रफ है, उन्हीं से देश को ज्यादा खतरा है। मुझे लगता है कि पहले उन्हें खत्म किया जाए और बाद में क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म की बात की जाए। जब तक ये ताकतें खत्म नहीं होंगी, तब तक देश के लिए खतरा इसी तरह बढ़ता रहेगा।

सर, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा, आपने मुझे समय दिया है, एक बात मैं और कहूंगा कि जब भी कोई आतंक की घटना होती है और कुछ लोग पकड़े जाते हैं, जो किसी धर्म विशेष से संबंध रखते हैं, उन्हें इनोसेंट कहा जाता है। आतंकवादी इनोसेंट नहीं होता। मैं एक बात बताना चाहूंगा कि एक-दो साल पहले गुजरात में आपने इशरत जहां की कहानी सुनी होगी। यह मुब्रा की एक लड़की थी, जो गुजरात में गई और उसके माध्यम से कुछ आतंकवादी घटनाएं की जाने वाली थीं। वह अपने साथियों के साथ वहां गई और गुजरात पुलिस के हाथों मारी गई। उसका मिशन था नरेन्द्र मोदी की हत्या करना, लेकिन पुलिस के हाथों मारे जाने के बाद ह्यूमेन राइट्स वाले भी इशरत जहां की वकालत करने लगे। कहने लगे कि वह तो इनोसेंट थी, उसे क्यों मारा? लेकिन, सर, जब इसी इशरत जहां को पाकिस्तान की अखबारों ने शहीद करार दिया, तब उसकी मासूमियत कहां गई? उस समय उनकी कोई निन्दा भी नहीं की गई उनके घर बहुत से नेता भी गए. ..(व्यवधान)... नहीं आप उसे मासूम क्यों कहेंगे ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं, मासूम थी, लेकिन अगर पाकिस्तान की अखबारों ने उसे शहीद करार दिया है, तब आप उसको मासूम क्यों कहते हैं ...(व्यवधान)... प्रमाणित हुआ है कि वह आतंकवादी है।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो॰पी॰जे॰ कुरियन) पीठासीन हुए]

प्रमाणित हुआ है कि वे आतंकवादी है। ...(व्यवधान)... नहीं, अगर उनको आतंकवादी करार दिया है तो आप कैसे उनको मासूम कहते हैं और यही बात है कि जो टैरोरिस्ट्स को बढ़ा रही हैं। सर, मैं मानता हूं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे लड़ने के लिए सभी को एक जुट होना चाहिए। अगर इस लड़ाई में हम शामिल नहीं हुए तो हमें मानव होने का अधिकार नहीं है। हिन्दुस्तान ने युद्ध में इतने जवान नहीं खोए होंगे, जितने आतंकवाद के शिकार हुए हैं। इस देश के स्वतंत्रता संग्राम में जितने लोग शहीद नहीं हुए उससे कहीं अधिक 25 साल में आतंकवाद में मारे गए हैं। सर, आखिर में मैं इतना ही कहूंगा कि देश खतरे में है, कैसा है यह खतरा, एक ही बात आखिर में कहूंगा कि अफगानिस्तान के दिशखोर प्रांत के बंकर से अमेरिकी सेना ने कुछ अलकायदा लड़ाकू हाल ही में पकड़े। उनके पास से एक नोट बुक मिली, उसमें अलकायदा के उस लड़ाकू ने "ललकार" नाम की एक कविता लिखी थी, क्या थी वह कविता? वह कविता ऐसी थी कि:

"कल रूस को बिखरते देखा था, अब इंडिया को टूटते देखेंगे,

हम बर्क-ए-जमाल के शोलों से अमेरिका को जलता देखेंगे।"

इंडिया को तोड़ने को, हिन्दुस्तान को तोड़ने का यह सपना है और इस सपने को अंजाम देने का काम इस देश के कुछ आतंकवादी संगठन कर रहे हैं। मुझे लगता है इस खतरे को हमें महसूस करना चाहिए और इस खतरे से लड़ने की तैयारी हमें करनी चाहिए और यह खतरा गोली से नहीं तो बोली से खत्म होगा। धन्यवाद।

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, थैंक्यू वेरी मच, आपने मुझे मुम्बई के बम ब्लास्ट के बारे में बोलने का समय दिया। सर, 11 जुलाई को मुम्बई में 7 जगहों पर ट्रेनों में जो वाक्यात हुए, हर इंसान ने इसकी निंदा की, मज़म्मत की। जितनी कड़े लफ्जों में इसकी मज़म्मत करनी चाहिए, मुझे लगता है कि हर आदमी ने की है और खास तौर से इस देश के मुसलमानों ने, तो घूम-घूमकर माइक ढूंढा है, अखबार ढूंढा है कि किसी तरह मेरा नाम छप जाए, नहीं तो कुछ लोग इस देश में ऐसे बैठे हैं जब कभी भी बम ब्लास्ट होता है, बगैर इंक्वायरी के घंटे-दो घंटे-तीन घंटे के अंदर किसी मुस्मिल संगठन या किसी मुस्लिम आदमी का नाम ले लेतें है कि बम ब्लास्ट किया है। सर, बहुत ही सीरियस मामला है। मेरा मानना है कि इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हम तमाम लोगों को, तमाम पार्टियों को इसके लिए मिलकर लड़ना चाहिए, सच्चाई के लिए ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउत: सर, आपने अच्छा काम किया है...**(व्यवधान)**...

श्री अबू आसिम आज़मी: नहीं, हम हमेशा अच्छा काम ही करते हैं, हम कभी खराब काम नहीं करते। हम खराब लोगों के खिलाफ हैं, हम इस देश में एकता चाहते हैं। सर, मैं सिर्फ दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। बार-बार यह बात कही जाती है कि तमाम देश के मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं, परन्तु तमाम आतंकवादी मुसलमान ही क्यों हैं। मैं उन तमाम लोगों से सवाल पूछना चाहता हूं कि आतंकवाद की परिभाषा क्या है। आप मुझे बता दीजिए कि इस देश के अंदर गांधी जी का मर्डर हुआ था। क्या मुसलमान ने किया था? इस देश के अंदर इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी। क्या मुसलमान ने की थी? इस देश में राजीव गांधी की हत्या हुई थी। क्या मुसलमान ने की थी? इस देश में माँआइस्ट, क्या मुसलमान हैं? इस देश में नक्सालाइट्स हैं, क्या वे मुसलमान हैं? सर, गुजरात के अंदर दो हजार पांच सौ लोग मार दिए गए, जला दिए गए। यह आतकवाद नहीं है? तो आपको अगर यह नहीं मालूम है, आप कह रहे हैं कि सारे आतंकवादी मुसलमान क्यों हैं तो आप उसमें जोड़ लीजिए और आपकी जानकारी के लिए, आप जानते भी हैं आपको बताने की जरूरत भी नहीं है लेकिन आप जानबूझकर एक समुदाय को चिड़ाने की

कोशिश कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आपको क्या नहीं मालूम है। हम कह रहे हैं कि अगर इस देश में आतंकवादी मुसलमान हैं तो गिरफ्तार कीजिए, हम सबसे आगे बढ़कर उसे गिरफ्तार करवाना चाहते हैं। परन्तु आप मुसलमान नाम मत दीजिए। हर मजहब के अंदर चाहे हिन्दू मजहब हो, चाहे क्रिश्चियन मजहब हो, सिख हो, इसाई हो, हर मजहब के अंदर लोग पैदा हुए हैं जो अपने मजहब से बगावत करते हैं। हो सकता है कि मुसलमान हो, हो सकता है हिन्दू हो, हो सकता है क्रिश्चियन हो, लेकिन उसका किसी रिलीजन से नाम लिखना चाहिए, यह मेरा आपको बोलना है। मैं कहना चाहता हूं कि अभी जो इंक्वायरी हो रही है इस इंक्वायरी के ऊपर तमाम मुसलमानों को शक के दायरे में ला दिया गया है। सर, मैं कल मुम्बई गया था। मुम्बई के अंदर कुछ लोग इस जमात के हैं कि जो जमात जमीन के नीचे और आसमान के ऊपर की बात करती है तथा दुनिया में क्या हो रहा है उससे कोई मतलब नहीं कि कहां कौन सी पॉलिटिक्स चल रही है, कौन सी बिरादरी क्या कर रही है, उससे कोई मतलब नहीं हैं। वह सिर्फ मजहब के बारे में बात करती है कि मुसलमानों, अगर इस दुनिया में रहना है तो नमाज पढ़ो, रोजा रखो, और धर्म पर चलो, किसी को मारो मत। अगर एक इंसान को मारा तो हर इंसानियत का कत्ल हैं। इस तरह की चीजें करने वाले जो लोग हैं, उनको कल गिरफ्तार कर लिया गया। क्या कहकर कि ये भाभा एटोमिक की तरफ से गुज़र रहे थे, इनके दाढ़ी थी। वह रास्ता जो टूटा हुआ है, उस रास्ते से आम पब्लिक जाती है, वे भी जा रहे थे, किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया, लेकिन मुसलमान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। लोग त्रिपुरा गए थे, जा रहे हैं, यह जमात हमेशा जाती रहती है और ये सब पदजमससमबजनंस लोग हैं, उनको आपने गिरफ्तार कर लिया। मुम्बई से एटीएस गयी, उनको चेक किया, उनकी इंसल्ट की गयी। मैं यहां पर बताना चाहता हूं कि कल जब मैं मुम्बई गया तो मेरे पास एक बेचारा कश्मीरी आया। रोता हुआ लगा कहने लगा कि आसिम भाई, मेरे पास रात को ढाई बजे आए और मुझे गिरफ्तार करके ले गए। ढाई बजे रात से दूसरे दिन नौ, साढ़े नौ बजे तक मुझे वहां रखा और कहा कि दो साल तुम्हें जेल में रखेंगे। दस हज़ार रुपए मैंने दिए हैं, तब मैं छूटकर आया हूं। कह रहा था कि क्या मेरा कश्मीरी होना या मुसलमान होना इस देश में जुर्म है? यह मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि इस बात को नोट किया जाए और यह चीज़ मुम्बई में बंद की जाए। मेरा एक रिश्तेदार है। कल रात को उसे साढ़े नौ बजे पुलिस ने उसके घर में से पकड़ा और उसके घरवालों से कहा कि दूसरे दिन सुबह साढ़े नौ बजे आना तब बात करेंगे। इस तरह से अगर मुसलमानों को तंग किया जा रहा है तो मैं समझता हूं कि यह बात ठीक नहीं है। सर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि आज अगर इस देश में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही हैं तो उसके

जिम्मेदार वे लोग हैं, जो इस देश के अंदर नफरत फैला रहे हैं। अगर आईएसआई के लोग इस देश के अंदर आतंकवादी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि उनको गिरफ्तार कीजिए, कोई रोकने वाला नहीं है, हम सब चाहते हैं कि वे पकड़े जाएं। अगर लश्करे-तैयबा के लोग इस देश में एक्टिव हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कीजिए। परन्तु मैं यह कहना चाहता हूं कि एक ही तरफ शक की सुई क्यों जाती है। मेरा सिर्फ यह कहना है कि आज अगर नान्देड़ के अंदर, पाट बंदारे नगर में घर में बम बन रहा था और बम बनाने वाले *यह होम मिनिस्टर ने कहा है, मैंने नहीं कहा है। यह अखबार में छपा हुआ है। ...(व्यवधान)...

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा): यह कहीं से भी प्रमाणित नहीं हो ...(व्यवधान)... यह आरोप लगाया जा रहा है। ...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: अखबार में छपा हुआ है, यह मैंने नहीं कहा है। ...(व्यवधान).. आप सुनिए अगर आप वाकई इस देश से आतंकवादी गतिविधियां बंद करना चाहते हैं, तो खुलकर चर्चा होनी चाहिए। ...(व्यवधान)... इस देश में आप जितनी भी सिक्योरिटी बढ़ा दें, कुछ नहीं होगा जब तक हम इस पर चर्चा नहीं करेंगे। ...(व्यवधान)...

†[श्री ابو عاصم اعظمی "اتر پردیش" : سر، تھینک یو ویری مچ، آپ نے مجھے ممبئی کے بم بلاسٹ کے بارے میں بولنے کا وقت دیا۔ سر، ۱۱ر جولائی کو ممبئی میں ۷ جگہوں پر ٹرینوں میں جو واقعہ ہوا، ہر انسان نے اس کی نندا کی، مذمت کی۔ جتنے کڑے لفظوں میں اس کی مذمت کرنی چاہیئے، مجھے لگتا ہے کہ ہر آدمی نے کی ہے اور خاص طور سے اس دیش کے مسلمانوں نے، تو گھوم گھوم کر مائک ڈھونڈا ہے، اخبار ڈھونڈا ہے کہ کسی طرح میرا نام چھپ جائے، نہیں تو کچھ لوگ اس دیش میں ایسے بیٹھے ہیں جب کبھی بھی بم بلاسٹ ہوتا ہے، بغیر انکوائری کے گھنٹے دو گھنٹے تین گھنٹے کے اندر کسی مسلم سنگھٹن یا کسی مسلم آدمی کا نام لے لیتے ہیں کہ بم بلاسٹ کیا ہے۔ سر، یہ بہت ہی سنجیدہ معاملہ ہے۔ میرا ماننا ہے کہ اس میں کوئی راجنیتی نہیں ہونا چاہئے۔ اس کے لئے ہم تمام لوگوں کو، تمام پارٹیوں کو اس کے لئے ملکر لڑنا چاہئے، سچائی کے لئے ....مداخلت....

†[ ] Transliteration in Urdu Script.
*Expunged as ordered by the Chair.

شری سنجے راؤت : سر، آپ نے اچھا کام کیا ہے .....مداخلت.....

شری ابوعاصم اعظمی: نہیں، ہم ہمیشہ اچھا کام ہی کرتے ہیں، ہم کبھی خراب کام نہیں کرتے ہیں۔ ہم خراب لوگوں کے خلاف ہیں، ہم اس دیش کی ایکتا چاہتے ہیں۔ سر، میں صرف دو تین باتیں کرنا چاہتا ہوں۔ بار بار یہ بات کہی جاتی ہے کہ تمام دیش کے مسلمان آتنک وادی نہیں ہے، لیکن تمام آتنک وادی مسلمان ہی کیوں ہیں؟ میں ان تمام لوگوں سے سوال پوچھنا چاہتا ہوں کہ آتنک واد کی پریبھاشا کیا ہے۔ آپ مجھے بتا دیجیے کہ اس دیش کے اندر گاندھی جی کا مرڈر ہوا تھا۔ کیا مسلمان نے کیا تھی؟ اس دیش کے اندر اندرا گاندھی کی ہتھیا ہوئی تھی۔ کیا مسلمان نے کی تھی؟ اس دیش میں راجیو گاندھی کی ہتھیا ہوئی تھی، کیا مسلمان نے کی تھی؟ اس دیش میں مائیسٹ ہیں، کیا مسلمان ہیں؟ اس دیش میں نکسلسٹ ہیں، کیا وہ مسلمان ہیں؟ سر، گجرات کے اندر دو ہزار پانچ سو لوگ مار دیے گئے، جلا دیے گئے۔ یہ آتنک واد نہیں ہے؟ تو آپ کو اگر یہ نہیں معلوم ہے، آپ کہہ رہے ہیں کہ سارے آتنک وادی مسلمان کیوں ہیں تو آپ اس میں جوڑ لیجئے اور آپ کی جانکاری کے لئے، آپ جانتے بھی ہیں آپ کو بتانے کی ضرورت بھی نہیں ہے لیکن آپ جان بوجھ کر ایک فرقہ کو چڑانے کی کوشش کر رہے ہیں۔ میں کہنا چاہتا ہوں کہ آپ کو کیا نہیں معلوم ہے۔ ہم کہہ رہے ہیں کہ اگر اس دیش میں آتنک وادی مسلمان ہیں تو گرفتار کیجئے، ہم سب سے آگے بڑھکر اسے گرفتار کروانا چاہتے ہیں۔ لیکن آپ مسلمان نام مت دیجئے۔ ہر مذہب کے اندر چاہے ہندو مذہب ہو، چاہے کرسچن مذہب ہو، سکھ ہو، عیسائی ہو، ہر مذہب کے اندر لوگ پیدا ہوئے ہیں جو اپنے مذہب سے بغاوت کرتے ہیں۔ ہوسکتا ہے کہ مسلمان ہو، ہوسکتا ہے ہندو ہو، ہوسکتا ہے کرسچن ہو لیکن اس کا کسی مذہب سے نام نہیں جوڑنا چاہئے، یہ میرا آپ کو بولنا ہے۔ میں کہنا چاہتا ہوں کہ ابھی جو انکوائری ہو رہی ہے اس انکوائری کے اوپر تمام مسلمانوں کو شک کے دائرے میں لا دیا گیا ہے۔ سر، میں کل ممبئی گیا تھا۔ ممبئی کے اندر کچھ لوگ اس جماعت کے کہ جو زمین کے نیچے اور آسمان کے اوپر کی بات کرتی ہے تھانہ دنیا میں کیا ہو رہا ہے اس کے کوئی مطلب نہیں کہ کہاں کون سی پالیٹیکس چل رہی ہے، کون سی برادری کیا کر رہی ہے اس سے کوئی مطلب نہیں ہے۔ وہ صرف مذہب کے بارے میں بات کرتی ہے کہ مسلمانوں، اگر اس دنیا میں رہتا ہے تو نماز پڑھو، روزہ رکھو، اور دھرم پر چلو، کسی کو مارو مت۔ اگر ایک انسان کو مارا تو ہر انسانیت کا قتل ہے۔ اس طرح کی چیزیں کرنے والے

جولوگ ہیں، ان کوکل گرفتار کرلیا گیا۔

کیا کہہ کر کہ یہ بھابھا اٹامک کی طرف سے گزر رہے تھے، ان کے داڑھی تھی۔ وہ راستہ جوٹوٹہ ہوا ہے، اس راستے سے عام پبلک جاتی ہے، وہ بھی جارہے تھے، کسی کو گرفتار نہیں کیا گیا، لیکن مسلمان کو گرفتار کر کے جیل بھیج دیا۔ لوگ تری پورہ گئے تھے، جارہے ہیں، یہ جماعت ہمیشہ جاتی رہتی ہے اور یہ سب Intellectual لوگ ہیں، ان کو آپ نے گرفتار کرلیا۔ ممبئی سے اے ٹی ایس گئی، ان کو چیک کیا، ان کی انسلٹ کی گئی۔ میں یہاں پر بتانا چاہتا ہوں کہ کل جب میں ممبئی گیا تو میرے پاس ایک بیچارہ کشمیری آیا۔ روتا ہوا کہنے لگا کہ عاصم بھائی، میرے پاس رات کو ڈھائی بجے آئے اور مجھے گرفتار کر کے لے گئے۔ ڈھائی بجے رات سے دوسرے دن نو، ساڑے نو بجے تک مجھے وہاں رکھا اور کہا کہ دو سال تمہیں جیل میں رکھیں گے۔ دس ہزار روپے میں نے دیئے ہیں، تب میں چھوٹ کر آیا ہوں۔ کہہ رہا تھا کہ کیا میرا کشمیری ہونا یا مسلمان ہونا اس دیش میں جرم ہے؟ یہ میں ہوم منسٹر صاحب سے کہنا چاہتا ہوں کہ اس بات کو نوٹ کیا جائے اور یہ چیز ممبئی میں بند کی جائے۔ میرا ایک رشتہ دار ہے۔ کل رات کو اسے ساڑھے نو بجے پولیس نے اس کے گھر میں سے پکڑا اور اس کے گھر والوں سے کہا کہ دوسرے دن صبح ساڑے نو بجے آنا تب بات کریں گے۔ اس طرح سے اگر مسلمانوں کو تنگ کیا جارہا ہے تو میں سمجھتا ہوں کہ یہ بات ٹھیک نہیں ہے۔

سر، میں آپ کو بتانا چاہتا ہوں کہ آج اگر اس دیش میں آتنک وادی گتی ودھیاں بڑھ رہی ہیں تو اس کے ذمہ دار وہ لوگ ہیں، جو اس دیش کے اندر نفرت پھیلا رہے ہیں۔ اگر آئی ایس آئی کے لوگ اس دیش کے اندر آتنک وادی گتی ودھیاں بڑھا رہے ہیں تو میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ ان کو گرفتار کیجئے، کوئی روکنے والا نہیں ہے، ہم سب چاہتے ہیں کہ وہ پکڑے جائیں۔؛ اگر لشکر طیبہ کے لوگ اس دیش میں ایکٹیو ہیں، تو انہیں گرفتار کیجئے۔ لیکن میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ ایک ہی طرف شک کی سوئی کیوں جاتی ہے۔ میرا صرف یہ کہنا ہے کہ آج اگر ناندیڑ کے اندر، پاٹ بندارے نگر میں گھر میں بم بن رہا تھا اور بم بنانے والے (*) یہ ہوم منسٹر نے کہا ہے، میں نے نہیں کہا ہے۔ یہ اخبار میں چھپا ہوا ہے .....مداخلت.....

شری سریندر لاٹھ : یہ کہیں سے بھی پرمانت نہیں ہوا .....مداخلت..... یہ آروپ لگایا جارہا ہے.....مداخلت.....

شری ابوعاصم اعظمی : اخبار میں چھپا ہوا ہے، یہ میں نے نہیں کہا ہے۔ .....مداخلت..... آپ سنئے۔ اگر آپ واقعی اس دیش سے آتنک وادی گتی ودھیا بند کرنا چاہتے ہیں، تو کھلر کر چرچہ ہونی چاہئے.....مداخلت.....

اس دیش میں آپ جتنی بھی سیکورٹی بڑھادیں، کچھ نہیں ہوگا جب تک ہم اس پر چرچہ نہیں کریں گے
.....مداخلت.....]

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): अगर तथ्य नहीं हो तो इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए। ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): यह रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए। ...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: *सर जब वहां चैकिंग हुई तो पुलिस को वहां दाढ़ी मिली। ...(व्यवधान)...

[**شری ابو عاصم اعظمی** : سر، جب * وہاں چیکنگ ہوئی تو پولیس کو وہاں داڑھی ملی ---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, अखबार के आधार पर यह कह देना कि* यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: पुलिस को वहां कुर्ता-पायजामा मिला...(व्यवधान)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : پولیس کو وہاں کرتا پائجامہ ملا ---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: अगर इस बहस को आगे चलाना है तो *यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा, वरना फिर उसी दिन की तरह होगा।...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Azmi, please...(*Interruptions*)... Just a minute, Mr. Azmi...(*Interruptions*)... We are discussing ...(*Interruptions*)... Please listen to me ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह बहस अभिशप्त हो गयी हैं अगर इस बहस को आगे बढ़ाना है तो आप इतना भर कर लीजिए कि यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। ...(व्यवधान) *... इस तरह से नाम, अखबार के आधार पर, कि वे थे...(व्युवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मुझे इस देश की चिंता है। मैं इस मुल्क में रहता हूं, मुझे इस मुल्क की सिक्योरिटी की चिंता है। ...(व्यवधान)... अगर इस मुल्क की सिक्योरिटी पर चर्चा नहीं होगी तो...(व्यवधान)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : سر، مجھے اس دیش کی چنتا ہے. میں اس ملک میں رہتا ہوں، مجھے اس ملک کی سیکورٹی کی چنتا ہے ---مداخلت--- اگر اس ملک کی سیکورٹی پر چرچا نہیں ہوگی تو ---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, रिकॉर्ड से निकलवा दीजिए, फिर बहस चलेगी ...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: मैं जब से इस बहस में आया हूं यह पहली चर्चा नहीं है। ...(व्यवधान)... हर सेशन में इस पर चर्चा होती है। हर सेशन में चर्चा होती है ...(व्यवधान)...

*Expunged as ordered by the Chair.
†[ ] Transliteration in Urdu Script.

†[شری ابو عاصم اعظمی : میں جب سے اس بحث میں آیا ہوں، یہ پہلی چرچا نہیں ہے ---مداخلت--- ہر سیشن میں اس پر چرچا ہوتی ہے۔ ہر سیشن میں چرچا ہوتی ہے۔ ---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: रिकॉर्ड से निकलवा दीजिए, फिर चर्चा चलेगी। ...(**व्यवधान**)... रिकॉर्ड से निकलवा दीजिए ...(**व्यवधान**)...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, हकीकत सुननी चाहिए। ...(**व्यवधान**)..

†[شری ابو عاصم اعظمی : سر، حقیقت سننی چاہئے---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, रिकॉर्ड से निकालने का ऑर्डर करिए, फिर बहस चलेगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं वह बात आपसे कह रहा हूं, जो मुझे महाराष्ट्र के होम मिनिस्टर ने स्वयं कहा है, मैं वह बात कह रहा हूं ...(**व्यवधान**)...

†[شری ابو عاصم اعظمی : سر، میں وہ بات آپ سے کہہ رہا ہوں، جو مجھے مہاراشٹر کے ہوم منسٹر نے خود کہا ہے، میں وہ بات کہہ رہا ہوں ---مداخلت---]

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Azmi, please. (*Interruptions*)...

श्री अबू आसिम आज़मी: जो मुझे डीआईजी ने कहा है ...(**व्यवधान**)... मैं कोई अपनी मर्जी से नहीं कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)..

†[شری ابو عاصم اعظمی : جو مجھے ڈی-آئی-جی- نے کہا ہے---مداخلت--- میں کوئی اپنی مرضی سے نہیں کہہ رہا ہوں---مداخلت---]

श्रीमती सुषमा स्वराज: महाराष्ट्र के होम मिनिस्टर यहां नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... महाराष्ट्र के होम मिनिस्टर यहां नहीं हैं इसलिए वे डिफेंड नहीं कर सकते। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Azmi we are discussing....(*Interruption*)...Please listen ...(*Interruptions*)

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई फायदा नहीं इस तरह की. ..(**व्यवधान**)... मैं दुखी हूं, अगर इस हाउस के अंदर सच्चाई पर चर्चा नहीं होगी तो याद रखिए, कभी भी आतंकवाद खत्म नहीं हो सकता।...(**व्यवधान**)...सर, मैं एक दुखी आदमी हूं, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि...(**व्यवधान**)...

[شری ابو عاصم اعظمی : سر، میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کوئی فائدہ نہیں اس طرح

†[ ] Transliteration in Urdu Script.

کی ۔۔۔مداخلت۔۔۔ میں دکھی ہوں، اگر اس ہاؤس کے اندر سچائی پر چرچا نہیں ہوگی تو یاد رکھئیے، کبھی بھی آتنک واد ختم نہیں ہو سکتا۔ ۔۔۔مداخلت۔۔۔ سر، میں ایک دکھی آدمی ہوں، میں آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ ۔۔۔مداخلت۔۔۔]

श्रीमती वृंदा कारत (पश्चिम बंगाल): यह क्या तरीका है?...(**व्यवधान**)...यह महाराष्ट्र के होम मिनिस्टर ने कहा है।...(**व्यवधान**)... ये जब मर्जी अखबार को कोट करते रहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो॰ पी॰ जे॰ कुरियन): एक मिनट प्लीज़। वृंदा जी आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं किसी जाति या धर्म की बात नहीं कर रहा हूं।

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : سر، میں کسی ذات یا دھرم کی بات نہیں کر رہا ہوں۔]

SHRI MANOHAR JOSHI: Sir, I am on a point of order ...(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Let me listen to his point of order, please

श्री मनोहर जोशी: मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर यही है...(**व्यवधान**)...

श्री वीरेन्द्र भाटिया: आपकी बात सुनी जा रही है हाउस में, हमारी बात नहीं सुनी जाएगी ...(**व्यवधान**)... जो हकीकत है, उसे सुनने की ताकत रखनी चाहिए।...(**व्यवधान**)...

SHRI MANOHAR JOSHI: The hon. Member is misguiding the House...(*Interruptions*) He is misguiding the House because he is talking about the RSS and the Bajrang Dal withthout his personal knowledge and proof. Therefore, the whole House may be misguided, and it is necessary that such a thing be not allowed in the House ...(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Azmi, please listen to me. The point is, we are discussing the bomb blasts. In the course of the discussion, you cannot make such a blanket remark against any organisation, whether it is the RSS or it is the Bajrang Dal or it is any other organisation. Do not make such a blanket allegation against an organisation. So, if that is mentioned like that, that is expunged. ...(*Interruptions*)

SHRI ABU ASIM AZMI: Sir, when we are condemning...(*Interruptions*)

†[ ] Transliteration in Urdu Script.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The point is...(*Interruptions*)... Mr. Azmi, in the morning, ...(*Interruptions*)... Earlier...(*Interruptions*)...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं आपको...(व्यवधान)..- Sir, I will prove it. I challenge that I will prove everything ...(*Interruptions*)

† [شری ابو عاصم اعظمی : سر، میں آپ کو ۔۔۔مداخلت۔۔۔]

SHRI MANOHAR JOSHI: Sir, you have given your ruling. ...(*Interruptions*)...The hon. Member cannot challenge your ruling. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mrs. Brinda, you are not supposed to do it. ...(*Interruptions*)...You know the rules...(*Interruption*)...No, no; you cannot do that. ...(*Interruptions*)... So what? ...(*Interruptions*)... Mr. Azmi, you listen to me ...(*Interruptions)*...

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं हाऊस का समय खराब नहीं होने देना चाहता हूं।... (व्यवधान)...

† [شری ابو عاصم اعظمی : سر، میں ہاؤس کا سمے خراب نہیں ہونے دینا چاہتا ہوں۔

उपसभाध्यक्ष (प्रो॰ पी॰ जे॰ कुरियन): ज़रा सुनिए... Number one, this is very important discussion, and in this discussion, we should show that we are united and one. Our concern should be against the blasts and those individuals who suffered. You should speak againt those individuals. The Government is taking care of that. If we show such divided House here on such an important issue which is concern with the unity of our country, I am sorry to say that we are not showing good example to the nation ...(*Interruptions*)...Remember, the nation is watching us. See, in the morning, while I was on the Chair, someone from this side, mentioned about terrorism and connected it with a community. Immediately, I expunged it. The same thing, I am doing now. I am not showing any partiality. So, you cannot mention name of any organisation. The Government is enquiring into it. Nobody has come up with any evidence that a particular organisation is doing it. ...(*Interruptions*)...So, that is expunged.

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, मैं इस बारे में बहुत दुखी हूं। मैं बिल्कुल सच्चाई बतलाना चाहता हूं कि इसकी सही...(व्यवधान)...

† [ ]Transliteration in Urdu Script.

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : سر،میں اس بارے میں بہت دکھی ہوں۔ میں بالکل سچائی بتلانا چاہتا ہوں کہ اس کی صحیح ۔۔۔مداخلت۔۔۔]

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Don't try to divert the issue...(*Interruptions*)...You give positive suggestions ...(*Interruptions*).. Give your suggestion.

श्री अबू आसिम आज़मी: मैं तो कह रहा हूं कि आइए, हम बी॰जे॰पी॰, शिव सेना, समाजवादी पार्टी, हम जितने लोग हैं, हम सब पार्टी पोलिटिक्स से उठकर इस पर विचार करें। यह सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए चालीस हज़ार पुलिसकर्मी मुम्बई में हैं। हम मुम्बई के डेढ़ करोड़ लोग सब के सब कंधे से कंधे मिलाकर और अगर मेरा सगा भाई भी है, तो मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि सबसे पहले उसको पकड़वाने वाला मैं होऊंगा। अगर कोई हमारे समाज का आदमी होगा और मुझे मालूम पड़ेगा, तो मैं दावे के साथ कहता हूं कि सबसे पहले मैं उसको पकड़वाने वाला होऊंगा।

[**श्री उपसभापति पीठासीन हुए**।]

लेकिन मेरा यह कहना है सर कि अगर आप हर चीज़ पर नज़र नहीं डालेंगे, तो जब से मैं आया हूं, चौथा साल मुझे हो रहा है इस हाऊस में, हर बार पांच से छ: बार तो मैंने इस हाऊस में डिबेट में हिस्सा लिया है, फायदा क्या है ऐसी डिबेट करके? हम सिर्फ बातें ही करते हैं, निंदा करते हैं, लेकिन अगर बदन में खून खराब है, तो आपको खून का इलाज करना पड़ेगा, तब आपकी फुंसी खत्म होगी, वरना अगर आप सिर्फ मरहम लगाते रहेंगे, तो फुंसी निकलती रहेगी और आप मरहम लगाते रहेंगे, कभी उसका इलाज नहीं हो सकेगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं साथियो, इस बात को सुनो–

"तुमने हर खेत में इंसां के सिर बोए हैं,
ज़मीन खूं उगलती है, तो शिकवा कैसा?"

सर, मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि मुझे दुख इसलिए है कि 1992-93 के बम ब्लास्ट्स में ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री अबू आसिम आज़मी: उन बम-ब्लास्ट्स में मैं एक आरोपी था। मैं एक एक्यूज्ड था, मुझे गिरफ्तार किया गया था और एक साल तक मुम्बई के बम-ब्लास्ट्स के केस में अबू आसिम जेल की सलाखों के पीछे था। उसके पहले मैं राजनीति में नहीं था। मेरे खानदान का कोई आदमी राजनीति में नहीं था। मैं राजनीति की ए, बी, सी, डी, नहीं जानता था कि वह क्या होती है। मैं सिर्फ एक कारोबार करता था मुम्बई में। मैंने कोई गुनाह नहीं किया था, लेकिन मुझे हथकड़ी डालकर, एक साल तक जेल में डाल दिया गया था और यह कहा गया था कि अबू आसिम मुम्बई के ब्लास्ट्स का मेन एक्यूज्ड है। सर, मैंने एक मोटी एकाउंट्स की किताब, कांग्रेस पार्टी के एक मिनिस्टर थे, उनके साथ मैंने, जो उस वक्त बम ब्लास्ट्स की इनक्वायरी कर रहे थे, उनके पास जाकर कहा कि आप जो कह रहे हैं कि मैंने फ़ाइनेंस किया है, यह किताब आप ले लीजिए और देख लीजिए कि मैंने एकाउंट्स का पैसा लिया है और

† [ ]Transliteration in Urdu Script.

एयरलाइन्स को दिया है। कितना पैसा आया है, कितना गया है, यह सारा प्रूफ है। जब मैंने जमा किया, उन्होंने कहा–बैठो। उन मंत्री जी ने कहा–अबू आसिम, मेरी बात हो गई है, अब यह इनक्वायरी करेंगे और तुम घर जाओगे। शाम को मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। जब दूसरे दिन मुझे कोर्ट में पेश किया गया, तो कहा गया कि अबू आसिम ने फाइनेंस किया और अबू आसिम ने टेररिस्टों को पाकिस्तान भेजा। उसके बाद जब मैंने कहा कि मेरी बुक, तो मेरे पैरों के नीचे से ज़मीन निकल गई कि उस ज्वाइंट कमिश्नर ने, जो उस इनक्वायरी का इंचार्ज था, उसने कोर्ट में ऐफिडेविट भेज दिया कि अबू आसिम ने मुझे कोई बुक नहीं दी। मैंने सोचा, ऐसा भी दुनिया, में होता है? मैंने कहा मेरे छः बच्चे हैं, मैं अपने छः बच्चों के सिर की कसम खाकर कहता हूं कि अगर मैंने बुक नहीं दी है, तो मुझे फांसी दे दी जाए, मुझ पर मुकदमा चलाने की कोई ज़रूरत नहीं। अगर मैंने अपनी बेगुनाही का सबूत, जो वह बुक थी, वह सबूत अगर मैंने ज्वाइंट कमिश्नर को न दिया हो, तो मुझ पर मुकदमा मत चलाओ, आज मेरा ऐफिडेविट ले लो कि मुझे आज ही हैंग कर दो, लेकिन एक बार उस ज्वाइंट कमिश्नर को कोर्ट में आकर अपने बच्चे की कसम खाने दो, मैं सारा का सारा कसूरवार अपने को मान लूंगा। कोर्ट ने कहा कि ज़ज्बात से कोर्ट नहीं चलती है और मैं एक साल तक जेल में पड़ा रहा। मेरे बाप ने कहा कि मेरी सारी जायदाद बेच दो और मेरे बेटे को छुड़ा लो। मेरा बाप भी मर गया। मैं एक साल के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और मैं उस केस में सुप्रीम कोर्ट से डिस्चार्ज हुआ। मेरी कोई गलती भी नहीं थी और मैं जानता भी नहीं था कि कहां बम ब्लॉस्ट हुआ है? आज मुम्बई में शिवसेना के लोग कह रहे हैं कि कोई वकील नहीं कर सकता। ...(**समय की घंटी**)... और हुकूमत तमाशा देख रही है। ...(**व्यवधान**)...क्या पुलिस तय करेगी? अगर मैंने वकील नहीं किया होता तो आज मैं जेल से छूट नहीं सकता था और मैं जेल की सलाखों के पीछे रहता। ...(**व्यवधान**)...

श्री अबू आसिम आज़मी : मैं तो कह रहा हूं कि आइये, हम बी जे पी, शिवसेना, समाजवादी पार्टी, हम जितने लोग हैं, हम सब पार्टी पालिटिक्स से उठ कर इस पर विचार करें। यह सिर्फ पुलिस की ज़िम्मेदारी नहीं है। इस के लिए चालीस हज़ार पुलिस की महाराष्ट्र में, मुंबई में हैं। हम मुंबई के डेढ़ करोड़ लोग, सब के सब कंधे से कंधा मिला कर अगर मेरा सगा भाई भी है, तो मैं आप को यकीन दिलाना चाहता हूं कि सब से पहले इस को पकड़वाने वाला मैं होऊंगा। अगर कोई हमारे समाज का आदमी होगा और मुझे मालूम पड़ेगा तो मैं दावे के साथ कहता हूं कि सब से पहले मैं इस को पकड़वाने वाला होऊंगा।

(شری اُپ سبھاپتی صدر نشیں ہوئے)

لیکن میرا یہ کہنا ہے سر کہ اگر آپ ہر چیز پر نظر نہیں ڈالیں گے، تو جب سے میں آیا ہوں چوتھا سال مجھے ہو رہا ہے اس ہاؤس میں، ہر بار پانچ سے چھ بار تو میں نے اس ہاؤس میں ڈیبیٹ میں حصہ لیا ہے، فائدہ کیا ہے ایسی ڈیبیٹ کر کے؟ ہم صرف باتیں ہی کرتے ہیں، نندا کرتے ہیں، لیکن نہیں اگر بدن میں خون خراب ہے، تو آپ کو خون کا علاج کرنا پڑے گا، تب آپ کی پھنسی ختم ہوگی، ورنہ اگر آپ صرف مرہم لگاتے رہیں گے، تو پھنسی نکلتی رہیگی اور آپ مرہم لگاتے رہیں گے، کبھی اس کا علاج نہیں ہو سکیگا۔ اس لئے میں کہنا چاہتا ہوں ساتھیوں، اس بات کو سنو ۔

تم نے ہر کھیت میں انساں کے سر بوئے ہیں
زمیں خوں اگلتی ہے، تو شکوہ کیسا

سر، میں اس لئے کہنا چاہتا ہوں کہ مجھے دکھ اس لئے ہے کہ 93-1992 کے بم بلاسٹ میں ...مداخلت....

شری اُپ سبھاپتی : پلیز کنکلوڈ۔

شری ابوعاصم اعظمی : ان بم بلاسٹ میں میں ایک آروپی تھا۔ میں ایک ایکیوزڈ تھا، مجھے گرفتار کیا گیا تھا اور ایک سال تک ممبئی کے بم بلاسٹ کے کیس میں ابوعاصم جیل کی سلاخوں کے پیچھے تھا۔ اس کے پہلے میں راجنیتی میں نہیں تھا۔ میرے خاندان کا کوئی آدمی راجنیتی میں نہیں تھا۔ میں راجنیتی کی اے بی سی ڈی نہیں جانتا تھا کہ وہ کیا ہوتی ہے۔ میں صرف ایک کاروبار کرتا تھا ممبئی میں۔ میں نے کوئی گناہ نہیں کیا تھا، لیکن مجھے جھگڑی ڈالکر، ایک سال تک جیل میں ڈال دیا گیا تھا اور یہ کہا گیا تھا کہ ابوعاصم ممبئی کے بلاسٹ کا مین ایکیوزڈ ہے۔

سر، میں ایک موٹی اکاؤنٹس کی کتاب، کانگریس پارٹی کے ایک منسٹر تھے، ان کے پاس جا کر کہا کہ آپ جو کہہ رہے ہیں کہ میں نے فائنس کیا ہے، یہ کتاب آپ لے لیجئے اور دیکھ لیجئے کہ میں نے اکاؤنٹس کا پیسہ لیا ہے یا ائرلائنس کو دیا ہے۔ کتنا پیسہ آیا ہے، کتنا گیا ہے، یہ سارا پروف ہے۔ جب میں نے جمع کیا، انہوں نے کہا، بیٹھو آگے۔ ان منتری جی نے کہا، ابوعاصم، میری بات ہوگئی ہے، اب یہ انکوائری کریں گے اور تم گھر جاؤ گے۔ شام کو مجھے گرفتار کر لیا گیا۔ جب دوسرے دن مجھے کورٹ میں پیش کیا گیا، تو کہا گیا کہ ابوعاصم نے فائنس کیا اور ابوعاصم نے ٹیررسٹوں کو پاکستان بھیجا۔ اس کے بعد جب میں نے کہا کہ میری بک، تو میرے پیروں کے نیچے سے زمین نکل گئی کہ اس جوائنٹ کمشنر نے، جو اس انکوائری کا انچارج تھا، اس نے کورٹ میں ایفی ڈیوٹ بھیج دیا کہ ابوعاصم نے مجھے کوئی بک نہیں دی، میں نے سوچا، ایسا بھی دنیا میں ہوتا ہے؟ میں نے کہا میرے چھ بچے ہیں، میں اپنے چھ بچوں کے سر کی قسم کھا کر کہتا ہوں کہ اگر میں نے بک نہیں دی ہے، تو مجھے پھانسی دے دی جائے، مجھ پر مقدمہ چلانے کی کوئی ضرورت نہیں۔ اگر میں نے اپنی بے گناہی کا ثبوت جو وہ کتاب تھی، وہ ثبوت اگر میں نے جوائنٹ کمشنر کو نہ دیا ہو، تو مجھ پر مقدمہ مت چلاؤ، ل آج میرا ایفی ڈیوٹ لے لو کہ مجھے آج ہی ہینگ کر دو، لیکن ایک بار

اس جوائنٹ کمشنر کو کورٹ میں آکر اپنے بچے کی قسم کھانے دو، میں سارا کا سارا قصوروار اپنے کو مان لونگا۔ کورٹ نے کہا کہ جذبات سے کورٹ نہیں چلتی ہے اور میں ایک سال تک جیل میں پڑا رہا۔ میرے باپ نے کہا کہ میری ساری جائداد بیچ دو اور میرے بیٹے کو چھڑا لو۔ میرا باپ بھی مرگیا۔ میں ایک سال کے بعد سپریم کورٹ پہنچا اور میں اس کیس میں سپریم کورٹ سے ڈسچارج ہوا میری کوئی غلطی بھی نہیں تھی اور میں جانتا بھی نہیں تھا کہ کہاں بم بلاسٹ ہوا ہے؟ آج ممبئی میں شیوسینا کے لوگ کہہ رہے ہیں کہ کوئی وکیل نہیں کرسکتا (وقت کی گھنٹی)..... اور حکومت تماشہ دیکھ رہی ہے.....مداخلت..... کیا پولیس طے کرے گی؟ اگر میں نے وکیل نہیں کیا ہوتا تو آج میں جیل سے چھوٹ نہیں سکتا تھا اور میں جیل کی سلاخوں کے پیچھے رہتا

.....مداخلت.....

श्री मनोहर जोशी: सर, यह बात असत्य है।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: वे डिनाइ कर रहे हैं।...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: ये शिवसेना के लोग...(व्यवधान)... जब संजय दत्त पकड़ा गया था। ...(व्यवधान)... संजय दत्त को छुड़वाने की कोशिश की।...(व्यवधान)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : یہ شیو سینا کے لوگ ...مداخلت... جب سنجے دت پکڑا گیا تھا ...مداخلت... سنجے دت کو چھڑوانے کی کوشش کی ...مداخلت...]

श्री उपसभापति: अबू आसिम जी, अब आप खत्म करिए।...(व्यवधान)...

श्री अबू आसिम आज़मी: संजय दत्त कसूरवार है या नहीं है, यह फैसला कोर्ट करेगी।...(व्यवधान)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : سنجے دت قصوروار ہے یا نہیں ہے، یہ فیصلہ کورٹ کرے گی ...مداخلت...]

श्री उपसभापति: अब आप कन्क्लूड करिए।

श्री अबू आसिम आज़मी: एक तरफ ये...(व्यवधान)... छुड़ाने के लिए कोशिश करते हैं।..(व्यवधान)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : ایک طرف یہ ...مداخلت... چھڑانے کے لئے کوشش کرتے ہیں ...مداخلت...]

SHRI MANOHAR JOSHI: This is absolutely wrong. (*Interruptions*)

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

आसिम आज़मी: दूसरी तरफ...(**व्यवधान**)...देख लिया तो हम मारेंगे।...(**व्यवधान**)...

†[**شری ابو عاصم اعظمی** : دوسری طرف ...مداخلت... دیکھہ لیا تو ہم ماریں گے ...مداخلت...]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. (*Interruptions*) आप कन्क्लूड कीजिए। आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री अबू आसिम आज़मी: यह देश गुंडागर्दी से नहीं चलेगा।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Next, Now, Mr. Thirunavukkarasar. You speak only for two minutes, please. (*Interruptions*)

श्री अबू आसिम आज़मी: सर, होम मिनिस्टर साहब बैठे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि नितिन प्रधान नाम के एक वकील ने सारे मुकदमे वापस कर दिए हैं कि हम मुकदमे नहीं देखेंगे। ...(**व्यवधान**)...

